चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 271, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | मंगलवार 31 अक्तूबर 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# बिना भेदभाव दिया जा रहा योजनाओं का लाभः योगी




## सीएम योगी ने प्रयागराज में किया 3357 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण, बोले- 'हमने जरूरत के आधार पर दिया लाभ'

**प्रयागराज**

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को प्रयागराज में 3,357 करोड़ कि योजनाओं के शिलान्यास और लोकार्पण किया। साथ ही अनुसूचित जाति महा सम्मेलन में सरकार की उपलब्धियां गिनाई। कहा कि जैसे प्रयागराज में गंगा, यमुना और सरस्वती का संगम बनता है वैसे भारत में अनेक जातियां इसे सिंचित करती है। अनेक महापुरुष इसे पुस्पित पल्लवित करते रहे हैं। यह प्रयागराज ऋषि वाल्मीकि की धरती है। इसके लिए लालापुर का पुनरुद्धार कराया जाएगा। वहां पर रोपवे बनेगा। जिससे उनकी कुटिया तक जा सकेंगे।

वाराणसी में संत रविदास को याद किया जाएगा। संत रविदास ने कहा था कि मन चंगा तो कठौती में गंगा। बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर से संविधान की प्रेरणा लेकर आगे बढ़ रहे हैं। बाबा साहब को प्रधानमंत्री ने सम्मान दिया। उनसे जुड़े पंचशील तीर्थ बना रहे हैं। दिल्ली में जाइए बाबा साहब भीमराव आम्बेडकर का केंद्र देखिए। यूपी सरकार लखनऊ में बाबा साहब आम्बेडकर का स्मारक बना रही है। ये डबल इंजन की सरकार की ताकत है जो कहती है उसे समय से पहले पूरा करती है। जब से मोदी जी प्रधानमंत्री बने तब से हर योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव के सबको दिया जा रहा है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने आगे कहा- यूपी में कोल, मुसहर आदि के लोगों को आवास देंगे। जमीन का पट्टा दिया जायेगा। सारी योजनाओं से जोड़ा जाएगा। सोनभद्र और मिजार्पुर में अनुसूचित जाति के लोगों को आवास दिया गया। हमने जाति के आधार पर नहीं बल्कि लोगों को उनकी जरूरत के अनुसार योजनाओं का लाभ दिया। 2025 में फिर से प्रयागराज में महाकुंभ होना है उसकी तैयारी सरकार ने शुरू कर दी है। प्रयागराज की धरती महर्षि भारद्वाज और महर्षि वाल्मीकि की धरती है। यहां किसी के साथ भेदभाव को स्थान स्थान नहीं है। 2017 से पहले अनुसूचित जाति और जनजाति के लोगों की उपेक्षा होती थी। हमारी सरकार बनी तो छापा मारकर 17 लाख से अधिक राशन कार्ड पकड़ा था। पूर्व की सरकारों ने गरीबों को राशन से भी वंचित किया था। वहीं कोरोना काल में प्रधानमंत्री ने सबको राशन दिलाया।

उद्यमी आश्वस्त होकर करें निवेशः सीएम योगी

अमेठी

2018 में पहले निवेशक सम्मेलन के वक्त जब दो लाख करोड़ का लक्ष्य निर्धारित किया गया, तो लोग हमारे निर्णय पर हंसते थे। देशभर के उद्यमी यूपी में निवेश के नाम से कतराते थे। मगर आज उत्तर प्रदेश में अबतक 38 लाख करोड़ का निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो चुका है। उद्यमी केवल निवेश की गारंटी लें, पूंजी और उनकी सुरक्षा की गारंटी सरकार की होगी। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को यहां दक्षिण पश्चिम एशिया के सबसे बड़े बेवरेज प्लांट के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कही। इससे पहले सीएम योगी ने एसएलएमजी बेवरेज प्रा लि के प्लांट का अवलोकन किया। उन्होंने प्लांट के विभिन्न वर्कशॉप में जाकर बॉटलिंग प्रॉसेस की कार्यप्रणाली को भी जाना।

यूपी देश में निवेश का सबसे अच्छा डेस्टिनेशनः उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ये बॉटलिंग प्लांट प्रदेश सरकार के निवेश की उस पॉलिसी का हिस्सा है, जो प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हमने निवेश, रोजगार और बेहतरीन औद्योगीक वातावरण देने के लिए प्रारंभ किया है। डबल इंजन की सरकार आने के बाद यूपी देश के अंदर निवेश के सबसे अच्छे डेस्टिनेशन के रूप पहचान बना रहा है। आज देश के अलग अलग हिस्से के उद्यमी यूपी में निवेश के लिए इच्छुक हैं।

## अमेठी को निवेश का नया उपहार मिला

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि इस प्लांट की स्थापना से अमेठी को निवेश का नया उपहार मिला है। दशकों पहले यहां औद्योगिक परिक्षेत्र चिह्नित हुआ था। मगर पहले की सरकारों के पास विकास का एजेंडा नहीं था। वो जातिवाद और परिवाद को बढ़ावा देते थे। सामाजिक ताने बाने को छिन्न भिन्न करके सामाजिक वैमनस्यता में ही उनका ज्यादा समय खर्च होता था। मगर आज डेवलपमेंट का कोई ऐसा कार्य नहीं है जो डबल इंजन की सरकार ना कर रही हो। ये प्लांट निवेश और रोजगार का बड़ा स्रोत बनेगा। स्थानीय आईटीआई और पॉलिटेक्निक के छात्रों को यहां जोड़ा जाएगा। बहुत शीघ्र अमेठी में हजार करोड़ का एक और बड़ा निवेश आने जा रहा है।

निवेशकों के साथ प्रतिबद्धता के साथ खड़ी है राज्य सरकार : मुख्यमंत्री ने बताया कि ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में देश का सबसे बड़ा निवेश मित्र प्लेटफॉर्म यूपी सरकार उपलब्ध करा रही है। जहां, 430 एनओसी केवल एक जगह आवेदन करने से प्राप्त हो जाएगी। राज्य सरकार प्रतिबद्धता के साथ निवेशकों के साथ कार्य कर रही है। सीएम ने उद्यमियों को आश्वस्त किया कि निवेश की गारंटी आप लीजिए, पूंजी और आपकी सुरक्षा की गारंटी सरकार की होगी। मुख्यमंत्री ने बेवरेज प्लांट के लिए लधानी परिवार को विशेष रूप से धन्यवाद दिया।





## नेतृत्व में विजन हो तो असंभव भी संभव बन जाता है : स्मृति ईरानी

**वहीं** अपने उद्बोधन में केंद्रीय मंत्री और अमेठी की सांसद स्मृति ईरानी ने कहा कि अगर नियत साफ हो और नेतृत्व में विजन हो तो असंभव भी इस धरा पर संभव हो सकता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयासों से आज का ये प्लांट इसका बहुत बड़ा उदाहरण है।

साउथ वेस्ट एशिया में कोको कोला का सबसे बड़ा बॉटलर है लधानी ग्रुप लधानी ग्रुप के विवेक लधानी ने बताया कि एसएलएमजी बेवरेज प्रा लि, साउथ वेस्ट एशिया में कोको कोला का सबसे बड़ा बॉटलर है। ग्रुप की ओर से यूपी में 2 हजार करोड़ का निवेश इस वर्ष किया गया है। उनका ग्रुप हॉस्पिटैलिटी, रियल स्टेट और पैकेजिंग में भी कार्य करता है। प्रतिदिन 9 हजार चैनल पार्टनर के माध्यम से साढ़े 8 लाख दुकानों तक पेय पदार्थ पहुंचाने का कार्य उनका ग्रुप करता है।

इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री और अमेठी की सांसद स्मृति ईरानी, प्रदेश सरकार के मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी', मंत्री गिरीश चंद्र यादव, राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण, एमएलसी शैलेन्द्र सिंह, बीजेपी जिला अध्यक्ष राम प्रसाद मिश्रा, कोका कोला की वाइस प्रेसिडेंट पीआर दिव्या राणा, लधानी ग्रुप के सदस्यगण उपस्थित रहे।

## 'हमास को विशेष समुदाय के बराबर करना चाहते हैं विजयन'

**कोच्चि**

**केंद्रीय** मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने सोमवार को केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन पर कट्टरपंथी तत्वों और कट्टरवाद के प्रति सहिष्णु होने का आरोप लगाया है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री चंद्रशेखर सीएम पर पलटवार कर रहे थे, जिन्होंने एक दिन पहले विजयन की आलोचना करने वाले सोशल मीडिया पोस्ट पर भाजपा नेता की आलोचना की थी। भाजपा नेता के पोस्ट को लेकर विजयन ने चंद्रशेखर का नाम लिए बिना जानना चाहा कि किस जानकारी के आधार पर केंद्रीय मंत्री ने उनके खिलाफ ऐसी टिप्पणी की? और जब जांच चल रही हो तो एक जिम्मेदार पद पर बैठा व्यक्ति इस तरह के बयान कैसे दे सकता है? तिरुवनंतपुरम में सचिवालय परिसर में आयोजित एक संक्षिप्त प्रेस वार्ता के दौरान विजयन ने आरोप लगाया था।



### नशे की चपेट में राज्य के युवा, मूकदर्शक बन देख रहे मुख्यमंत्रीः नड्डा

## केरल सरकार के खिलाफ बीजेपी ने खोला मोर्चा

**तिरुवनंतपुरम**

**केरल सरकार** की नीतियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन में बीजेपी के राष्ट्रीय जेपी नड्डा शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने पिनाराई विजयन सरकार पर निशाना साधा। नड्डा ने कहा कि राज्य में युवा नशीली दवाओं के दुरुपयोग में शामिल हो रहे हैं और सरकार मूकदर्शक बनी हुई है।

नशीली दवाओं के दुरुपयोग में युवा हो रहे शामिल- नड्डाः भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने विरोध-प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कहा कि केरल के युवा नशीली दवाओं के दुरुपयोग में शामिल हो रहे हैं और यहां की सरकार मूकदर्शक बनी हुई है। आपको यह जानकर आश्चर्य होगा कि साल 2022 में 16,752 नशीली दवाओं के मामले सामने आए। यह सरकार शराब की खपत को भी बढ़ा रही है और वह अवैध शराब कारोबारियों को भी बचा रहे हैं।

केरल सरकार पर लगाया केंद्र की अनदेखी का आरोपः नड्डा ने पिनाराई विजयन सरकार पर केंद्र की योजनाओं की अनदेखी का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इस सरकार ने केंद्र सरकार की योजना को बाधित करने की कोशिश की है। प्रधानमंत्री मोदी ने जल जीवन मिशन के लिए 70 लाख रुपये भेजे थे, लेकिन पिनाराई विजयन सरकार केवल 12 लाख लोगों को ही कनेक्शन दे पाई है।

भ्रष्ट है पिनाराई विजयन की सरकारः उन्होंने आगे कहा कि पिनाराई विजयन की भ्रष्ट सरकार के बावजूद प्रधानमंत्री मोदी केरल के विकास को आगे बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि रेलवे केंद्र सरकार के अधिकार क्षेत्र में है। इसलिए केरल के लोगों के पास अब वंदे भारत एक्सप्रेस है। पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत अब दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है।



## 'सिविल सेवकों के मूल्यांकन के लिए कोई 360-डिग्री प्रणाली नहीं'

**नई दिल्ली**

**कार्मिक** और प्रशिक्षण विभाग ने केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण की नैनीताल सर्किट पीठ के समक्ष एक हलफनामा दायर किया। इसमें कहा गया है कि सिविल सेवकों के मूल्यांकन के लिए कोई 360-डिग्री प्रणाली नहीं है। मामले में सुनवाई की अगली तारीख 21 नवंबर तय की गई है। केंद्रीय कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय के तहत काम करने वाले डीओपीटी का यह दावा पिछले साल दिसंबर में भारतीय वन सेवा अधिकारी संजीव चतुर्वेदी द्वारा दायर एक याचिका के जवाब में आया है।

आईएफएस अधिकारी ने दाखिल की थी याचिकाः उत्तराखंड कैडर के 2002-बैच के आईएफएस अधिकारी, चतुर्वेदी ने केंद्र सरकार से उनके आवेदन की अस्वीकृति से संबंधित सभी दस्तावेज, मूल्यांकन, विशेषज्ञ समितियों, सिविल सेवा बोर्ड (सीएसबी) की रिपोर्ट और केंद्र सरकार में संयुक्त सचिव या समकक्ष स्तर पर पैनल में शामिल होने ।

## 'राशन घोटाले के सबूत मिटाने की कोशिश कर रही ममता सरकार'

**कोलकाता**

**राशन** घोटाले को लेकर पश्चिम बंगाल की राजनीति में घमासान मचा हुआ है। इसको लेकर विपक्षी पार्टी बीजेपी सत्ताधारी टीएमसी पर जुबानी हमला बोलने से नहीं चूक रही है। प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष और सांसद सुकांत मजूमदार ने टीएमसी पर गंभीर आरोप लगाया है।

सुकांत मजूमदार का टीएमसी पर आरोपः बीजेपी नेता सुकांत मजूमदार ने आरोप लगाया है कि टीएमसी की सरकार घोटाले के सबूतों को मिटाने की पूरी कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि ममता सरकार इसमें सफल नहीं होगी। सबूतो को नष्ट करने की कोशिश की जा रही है, लेकिन डिजिटल हस्ताक्षर व सबूत मौजूद हैं, इसलिए ये प्रयास बहुत उपयोगी साबित नहीं हो सकते हैं।

जल्द पकड़े जाएंगे मास्टरमाइंडः मजूमदार ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए कहा कि ईडी ने राशन वितरण घोटाले की जांच को आगे बढ़ाने के लिए एक व्यापक नेटवर्क स्थापित किया है। केंद्रीय एजेंसी इसके अन्य मास्टरमाइंडों को भी पकड़ने के बहुत करीब है।

संसाधनों को लूट रही राज्य सरकारः मजूमदार ने विभिन्न घोटालों को लेकर घेरते हुए आरोप लगाया कि टीएमसी सरकार राज्य के संसाधनों को लूट रही है और लोगों को उनकी जरूरत की चीजों से वंचित कर रही है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि भ्रष्टाचार के मामलों में एक के बाद एक तृणमूल नेता, मंत्री, विधायक जेल जा रहे हैं। कोई नहीं जानता कि यह सिलसिला आखिर कहां जाकर खत्म होगा। मजूमदार ने ममता सरकार के खिलाफ बड़े पैमाने पर आंदोलन करने की भी चेतावनी दी।



## राज्यपाल बन गए बीजेपी कार्यकर्ताः सीएम स्टालिन

**मदुरई**

**तमिलनाडु** के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने सोमवार को राजभवन पर पेट्रोल बम मामले पर झूठ फैलाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मोलोटोव कॉकटेल राजभवन के अंदर नहीं, बल्कि राज्यपाल आरएन रवि के आवास वाले परिसर के बाहर सड़क पर फेंका गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि यह शर्मनाक है कि राज्यपाल रवि भाजपा के प्रतिनिधि बन गए हैं और राजभवन भगवा पार्टी का कार्यालय बन गया है।

जारी किए गए हैं सीसीटीवी फुटेजः रामनाथपुरम जिले के पसुम्पोन में स्वतंत्रता सेनानी मुथुरामलिंग थेवर के स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद, स्टालिन ने एक सवाल का जवाब देते हुए मीडिया से कहा कि पुलिस अधिकारियों ने यह साबित करने के लिए कुछ दिन पहले सीसीटीवी फुटेज जारी किए थे कि पेट्रोल बम सड़क पर गिरा था।

योजनाबद्ध तरीके से फैल रहा झूठः मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया, "यह दावा कि राजभवन पर पेट्रोल बम से हमला किया गया।

## विधायकों की अयोग्यता: सुप्रीम कोर्ट ने फिर दिया स्पीकर को निर्देश

**नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट ने महाराष्ट्र विधानसभा स्पीकर राहुल नार्वेकर को आदेश दिया कि वह 31 दिसंबर या उससे पहले अयोग्यता प्रस्ताव पर लंबित याचिकाओं का निपटारा करें। साथ ही, कहा है कि इस मामले में अगली सुनवाई जनवरी के पहले हफ्ते में की जाएगी।

फरवरी 2024 तक मांगा गया था समयः दरअसल, इस याचिका में शिवसेना के शिंदे गुट और एनसीपी के अजित पवार गुट के विधायकों को अयोग्य करार देने की मांग की गई है। स्पीकर की तरफ से सुप्रीम कोर्ट ने कहा गया था कि वह 29 फरवरी, 2024 तक अयोग्यता से जुड़ी याचिकाओं का निपटारा कर देंगे। मालूम हो कि पिछली सुनवाई में शीर्ष अदालत ने मामले के निपटारे की धीमी गति पर असंतोष जताया था।

सुप्रीम कोर्ट ने सख्ती से दिया आदेशः सुनवाई के दौरान स्पीकर की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल ने कहा, "बीच में विधानसभा सत्र, दिवाली और क्रिसमस की छुट्टी के चलते विलंब होगा। फिर भी वह 31 जनवरी तक निपटारे की कोशिश करेंगे। इस पर सीजेआई ने कहा, "कार्यवाही 31 दिसंबर तक ही पूरी होनी चाहिए, इसे लंबे समय तक नहीं टाला जा सकता।"

10वीं अनुसूची का किया जिक्रः मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि अयोग्यता याचिकाओं में देरी के लिए प्रक्रियात्मक उलझनों की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। इसमें कहा गया है, "हम चिंतित हैं कि दसवीं अनुसूची की पवित्रता बनाए रखी जानी चाहिए।" मालूम हो कि दसवीं अनुसूची राजनीतिक दलबदल को रोकने के लिए बनाई गई है।

पीठ में न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल थे। पीठ ने कहा, "प्रक्रियात्मक उलझनों के कारण याचिकाओं में देरी नहीं होनी चाहिए। हम निर्देश देते हैं।



## कोच्चि ब्लास्टः सीएम विजयन की सर्वदलीय

**तिरुवनंतपुरम**

**कोच्चि के** कलामासेरी में रविवार को हुए कई विस्फोटों के बाद केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने सोमवार को सर्वदलीय बैठक किया। सचिवालय परिसर स्थित मुख्यमंत्री कॉन्फ्रेंस हॉल में सुबह करीब 10 बजे शुरू हुई बैठक में लोगों से विस्फोटों के मद्देनजर निराधार आरोपों, अटकल अभियानों और अफवाह फैलाने से बचने का आग्रह करने का भी संकल्प लिया गया। मुख्यमंत्री कार्यालय ने एक बयान जारी कर इसकी जानकारी दी

सर्वदलीय बैठक में प्रमुख दलों ने लिया हिस्साः इस बैठक में राज्य के सभी प्रमुख राजनीतिक दलों ने भाग लिया।

सभी ने यह संकल्प लिया कि केरल के किसी भी कीमत पर खंडित करने के सभी प्रयासों पर नकेल कसा जाएगा, जो शांति, भाईचारे और समानता की विशेष सामाजिक स्थिति को बर्दाश्त नहीं कर सकते हैं। बैठक में सभी दलों ने विस्फोट के बाद राज्य में उपजे हालात के प्रति समाज के प्रत्येक व्यक्ति से विभाजन पैदा करने और लोगों को एक-दूसरे से अलग करने की सभी अटकलों, मिथकों और अफवाहों को फैलाने के किसी भी प्रयास को रोकने का आग्रह किया।

मरने वालों की संख्या हुई तीनः मालूम हो कि यहोवा के साक्षियों की एक सभा के दौरान रविवार सुबह कन्वेंशन सेंटर में हुए विस्फोट में एक महिला की मौत हो गई थी। हालांकि, सोमवार सुबह तक 12 वर्षीय लड़की की मौत के बाद इस हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर तीन हो गई। वहीं, इस धमाके में 45 लोग घायल हुए हैं। मालूम हो कि कलामासेरी इलाके में ईसाइयों की प्रार्थना सभा हो रही थी, तभी एक के बाद एक कई धमाके हुए। धमाके के वक्त घटनास्थल पर 2000 लोग मौजूद थे।

# रात के अंधेरे में खतरनाक फ्लाई ऐश से पाटी जा रही खदान, पानी से भरी है खदान

**अखंड भारत संदेश**





**बारा।** पहाड़ों में की गई खुदाई से बनी खदानों को जहरीली फ्लाई ऐश डालकर पाटा जा रहा है। इस समय जिस खदान में फ्लाई ऐश डाली जा रही है, वह काफी गहरी और पानी से भरी है। आसपास रिहायशी एरिया होने के कारण खदान में फ्लाई ऐश डालने से न सिर्फ आम-जनजीवन प्रभावित होगा, हादसे की संभावना भी बनी रहेगी। यह फ्लाई ऐश प्रयागराज पावर जेनरेशन कंपनी की है, जिसे लोगों की नजरों से बचाकर क्षेत्रीय खदानों में काफी समय से डंप किया जा रहा है। कायदे से पावर प्लांट से निकलने वाली फ्लाई ऐश का निस्तारण किसी अन्य माध्यम से होना चाहिए, लेकिन पावर प्लांट से निकलने वाली गंदगी से अपना पिंड छुड़ाने की नीयत से प्लांट प्रबंधन के द्वारा इसे क्षेत्रीय खदानों में डलवाया जा रहा है विकास खंड शंकरगढ़ के ग्रामसभा पूरे बैजनाथ के मजरा गींज के लोगों का कहना है कि उनके मजरे में स्थित खदान में फ्लाई ऐश डाले जाने से इसकी डस्ट उड़ने से उन लोगों के जीना मुहाल हो गया है। स्थानीय लोगों के विरोध के चलते फ्लाई ऐश को रात के अंधेरे में पावर प्लांट के डंपर फेंककर चले जाते हैं। मामले की मौखिक सूचना बारा तहसील प्रशासन से भी की गई, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। इन दिनों खदान में अत्यधिक पानी भरा होने के कारण लोगों को यह भी डर सता रहा है यदि यह जहरीली फ्लाई ऐश खनन के पानी में गिराई गई तो लोगों को हैंडपंपों से पीने के लिए जहरीला पानी मिलेगा। गींज व पूरे बैजनाथ के ग्रामीणों का कहना है कि तहसील प्रशासन की मिलीभगत से ऐसा किया जा रहा है। शीघ्र ही इस मामले को लेकर उग्र आंदोलन किया जाएगा। बताते चलें कि पीपीजीसीएल के द्वारा क्षेत्र में फ्लाई ऐश गिराए जाने का यह कोई पहला मामला नहीं है।इस तरह की शिकायतें पहले भी आ चुकी हैं, बावजूद इसके फ्लाई ऐश का निस्तारण क्षेत्रीय खदानों में किया जा रहा है।

## विद्युत बिल जमा करने गए उपभोक्ताओं ने कर्मचारी पर बदसलूकी का लगाया आरोप

**सहसों।** मलावां विद्युत उपकेन्द्र पर बिल जमा करने को लेकर उपभोक्ताओं के साथ आए दिन कर्मचारी द्वारा बदसलूकी की जा रही है। जिससे आहत होकर उपभोक्ता मलावां विद्युत उपकेन्द्र पर बिजली का बिल जमा करने से कतरा रहे हैं। उपभोक्ता कमलेश कुमार, विनय कुमार, अमन कुमार, ओम प्रकाश आदि लोगों ने इसकी शिकायत अवर अभियंता से किया है। हनुमानगंज से निर्गत मलावां विद्युत उपकेन्द्र पर कार्यरत कर्मचारी अखिलेश कुमार के द्वारा बिल जमा करने के लिए पावर हाउस पर गए उपभोक्ताओं के साथ आए दिन अनावश्यक वदसलूकी की जाती है। आरोप लगाते हुए स्थानीय उपभोक्ताओं का कहना है कि यदि दोषी कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई न की गई तो उपभोक्ता सड़क पर उतरकर धरना प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे। मामले में अवर अभियंता इंद्रेश कुमार यादव ने कहा कि उपभोक्ताओं की शिकायत पर जांच की जा रही है। दोषी पाए जाने पर उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## न्यूज झरोखा

### असत्य पर सत्य की जीत के बाद रामदल का भक्तों ने किया स्वागत वंदन



**सहसों।** आदर्श रामलीला कमेटी भोपतपुर व मीरापुर द्वारा संयुक्त रूप से सज-धज के साथ रामदल निकाला गया। 10 दिवशीय रामलीला मंचन के बाद कमेटी द्वारा गांव में दशहरा मेला का आयोजन किया गया। भारी संख्या में भक्त दर्शकों के साथ रामदल चलकर दशहरा मैदान पर पहुंचा। जहां राम और रावण के बीच युद्ध हुआ। जिसमें भगवान श्री राम द्वारा रावण का वध कर असत्य पर सत्य की जीत हुई। राम, लक्ष्मण, सीता व हनुमान जी का मनोरम झांकी निकाली गई। इस अवसर पर रामलीला कमेटी के संयोजक रामकुमार सोनी उर्फ पुट्टी लाल ने परिवार सहित अपने दरवाजे पर भगवान की स्वागत वंदन एवं भव्य आरती उतारी। रास्ते में भक्तगणों ने पुष्प वर्षा कर उनका आशीर्वाद लिया। सुंदर लाइटों से सजाए गए मेले में ग्रामीणों ने दशहरा मेला का खूब आनंद उठाया। इस मौके पर कमेटी अध्यक्ष महेंद्र सिंह, प्रबंधक महेंद्र श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष कृष्णराज सिंह, डायरेक्टर लाल जी प्रजापति, उपाध्यक्ष सूर्या यादव, भोला नाथ सोनी सहित आदि ग्रामीण नर नारियों ने देर रात तक मेले में उपस्थित रहे।

### अमेरिकन एकेडमी आप्थेल्मोलाजी के वार्षिक सम्मेलन में डा. विनोद सिंह हुए आमंत्रित



**सहसों।** विश्व की श्रेष्ठतम संस्था अमेरिकन एकेडमी ऑप्थेल्मोलाजी द्वारा 127 वें वार्षिक सम्मेलन में डाक्टर विनोद कुमार सिंह को आमंत्रित किया गया है। अमेरिका के कैलिफोर्निया में 3 से 6 नवंबर तक तीन दिवसीय यह सम्मेलन चलेगा। प्रयागराज स्थित मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज व मनोहर दास आई हास्पिटल के रेटिना विशेषज्ञ डॉक्टर विनोद कुमार सिंह सम्मेलन में शिरकत कर अपना दो शोध पत्र पढ़ेंगे। सम्मेलन में डॉक्टर विनोद कुमार सिंह आंखों के रेटिना पर्दे पर डायबिटीज के कारण होने वाले दुष्प्रभाव का जल्द पता लगाकर आंखों की रोशनी को कम होने से रोकथाम के विषय पर वहां चर्चा करेंगे। उन्होंने बताया कि शुगर के कारण मरीज के आंखों की रोशनी तेजी से कम होने लगती है। आंख के पर्दे पर सूजन के साथ खून जम जाता है। काफी प्रयास के बाद भी रोशनी वापस नहीं आती। इसका इलाज काफी महंगा है। इस स्थिति में पच्चीस से तीस हजार रुपए के कई इंजेक्शन लगवाने पड़ते हैं। अगर शुगर नियंत्रण में नहीं हुआ तो पर्दे के ऑपरेशन के बाद भी पूरी रोशनी वापस नहीं आती। इसलिए शुगर का नियंत्रण होना आवश्यक है। इसके लिए आंखों के पर्दों की नियमित जांच होते रहना चाहिए। सम्मेलन में आमंत्रित होने पर डॉक्टरों एवं शुभचिंतकों में हर्ष व्याप्त है।

### सरदार पटेल यूथ ब्रिगेड पसना के तत्वाधान में लौह पुरुष जयंती का आयोजन आज

**पसना।** लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती पर आज सरदार पटेल क्रीड़ा स्थल पसना के मैदान पर जनसभा का आयोजन किया गया है ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वी के सिंह व विशिष्ट अतिथि ब्लाक प्रमुख मुकेश कोल होंगे। यह जानकारी सरदार पटेल यूथ बिग्रेड के संयोजक धनंजय पटेल ने दी।

# एम एल पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ

**अखंड भारत संदेश**




**सिरसा।** मेजा क्षेत्र के एम एल पब्लिक स्कूल , बगहा सिरसा में तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ आज सोमवार को कालेज के प्रबंधक दुर्गा प्रसाद गुप्ता ने फीता काट करके किया। प्रतियोगिता में सबसे पहले क्रिकेट प्रतियोगिता यलो और ब्लू हाउस के बीच खेला गया। जिसमें एलो हाउस ने ब्लू हाउस को हराकर प्रतियोगिता में जीत हासिल किया। खेल प्रतियोगिता में बच्चों ने बढ़ चढ़कर करके प्रतिभाग किया। कालेज के शिक्षक,बच्चो को संबोधित करते हुए प्रबंधक दुर्गा प्रसाद गुप्ता ने कहा कि खेल को खेल के ही भावना से खेले क्योंकि खेल में हार जीत होती रहती है। कालेज में हर प्रकार की गतिविधियां इसीलिए कराई जाती हैं, की जिससे बच्चे यहीं से सीख करके फिर आगे जिसमे उनकी रुचि होती है । उसमें मेहनत करके आगे बढ़ जाते हैं ,और कालेज के साथ ही अपने क्षेत्र का भी नाम रोशन करते है। इस दौरान स्कूल के प्रधानाचार्य सतीश चंद्र उपाध्याय ने सभी बच्चों को खेल प्रतियोगिता में भागीदारी करने के लिए प्रेरित किया, और कहा कि अधिक से अधिक बच्चे प्रतियोगिता में भाग लेते हुए अपने प्रतिभा को लोगों को दिखाएं । जिससे सभी का मनोबल ऊंचा हो सके, विद्यालय के शिक्षक अविनाश कनौजिया ,विपिन शुक्ला, विजेंद्र राय ,मदन कुमार रवि कुमार, कुलदीप शर्मा, कमलेश शर्मा, दिव्यांशु गुप्ता, गौरव पांडे, रिशु शर्मा, सविता शुक्ला, पूजा त्रिपाठी, रीना यादव, इति सिंह,मीनाक्षी यादव ,नवदीप यादव,अभिरंजन गुप्ता,मनोज कुमार,विपुल यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

# लखनपुर में ग्राम पंचायत स्तरीय शिक्षा चौपाल आयोजित

## लक्ष्य प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को किया गया पुरस्कृत

**अखंड भारत संदेश**



**कोरांव।** निपुण भारत मिशन के सपनो को सफल बनाने के लिए विकास खण्ड कोरांव के प्राथमिक विद्यलय बास लखनपुर कोरांव में खण्ड शिक्षा अधिकारी मो रिजवान खान के कुशल नेतृत्व में ग्राम पंचायत स्तरीय शिक्षा चौपाल का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि एसआरजी सुनील मिश्रा द्वारा माँ सरस्वती वंदना के उपरांत अभिभावकों से शिक्षा के महत्व के बारे में बताते हुए बच्चों को प्रतिदिन स्कूल भेजने एवं उनके सर्वांगीण विकास के बारे मे जानकारी दी गई और बताया गया कि शिक्षा की मुख्य धारा में लाने और बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षक और गार्जियन की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। वहीं एआरपी अवधेश मिश्रा द्वारा डीबीटी और निपुण भारत मिशन पर चर्चा करते हुए शासन और विभाग की मंशा के अनुरूप बच्चों के सर्वांगीण विकास पर चर्चा की गई और फाइव टूल किट, शिक्षक द्वारा किये जा रहे नवाचारों आदि पर भी ग्रामवासियों को बताया गया कि किस तरह आज सरकारी संस्थान आपके बच्चों के भविष्य को लेकर चिंतित है बस आप सबके सहयोग की जरूरत है। इसी प्रकार विद्यालय बॉस लखनपुर के प्रधानाध्यापक संतोष तिवारी द्वारा शिक्षा के महत्व व उसकी उपयोगिता के बारे में अभिभावकों को जानकारी दी गई। शिक्षक जाहिद खान,शिक्षक संकुल आशुतोष मिश्रा,हरिश्चंद्र तिवारी,राहुल मिश्रा,नीलू मिश्रा द्वारा अपनी बात रखी गई और अभिभावकों को शिक्षक कार्य जुड़ी अहम जानकारियां दी गई। इस अवसर पर निर्धारित लक्ष्य प्राप्त करने पर निपुण बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। इस दौरान गांव के कई गणमान्य लोग एवं बच्चों के अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में प्राथमिक विद्यालय बॉस लखनपुर के प्रधानाध्यापक संतोष तिवारी द्वारा सभी आगंतुकों और अभिभावकों का धन्यवाद और आभार व्यक्त किया गया। शिक्षक चौपाल में साधना सिंह प्राथमिक विद्यालय, श्रुतिकान्त मिश्रा, सिरेन्द्र जैन, ग्राम प्रधान राजेश कुमार, आदि लोग उपस्थित रहे।

# बाबूगंज में दो दिवसीय कबड्डी महासंग्राम का आयोजन, आज से शुरू दो दिवसीय महासंग्राम में दर्जनों टीमें लेंगी भाग

**फूलपुर।** बाबूगंज में दो दिवसीय पुरुष व महिला कबड्डी महासंग्राम का आयोजन 31 अक्टूबर को होगा। जिसमें पुरुष खिलाड़ियों के साथ ही महिला कबड्डी खिलाड़ी जीत का खिताब अपने नाम करने की जोर आजमाइश करेंगी। उक्त जानकारी देते हुए कबड्डी महासंग्राम के संयोजक विजलेश भारतीय व संचालक शैलेन्द्र ने बताया की स्व महेंद्र प्रताप सिंह व स्व सत्यम सिंह स्मारक कबड्डी महासंग्राम के बैनर तले होने वाली कबड्डी प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जनपदों के खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। जिनमें महिला खिलाडियों की भी सहभागिता रहेगी। उन्होंने बताया की कबड्डी महासंग्राम का उद्घाटन फूलपुर विधायक प्रवीण पटेल व अध्यक्ष डा० सुधा सिंह द्वारा संयुक्त रूप से किया जाएगा। प्रतियोगिता में उम्दा प्रदर्शन करने वाली टीमों को आकर्षक पुरस्कार भी प्रदान किया जाएगा। आयोजक मंडल ने कबड्डी खेल के विभिन्न टीमों के साथ ही खेल प्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में कबड्डी महासंग्राम में पहुंचने की अपील की।

## अवधेश सिंह बने क्षेत्रीय वन अधिकारी,शंकरगढ़ में हर्ष

**बारा।** वन विभाग में वन दरोगा के पद पर कार्यरत रहे अवधेश सिंह का प्रमोशन हो गया है। प्रमोशन के बाद वह क्षेत्रीय वन अधिकारी (रेंजर) बन गए हैं। अवधेश सिंह के प्रमोशन पर उनके गांव कल्याणपुर समेत शंकरगढ़ क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। क्षेत्रीय लोगों ने खुशी जाहिर करते हुए बधाई दी है। क्षेत्रीय वन अधिकारी अवधेश सिंह मूलरूप से शंकरगढ़ क्षेत्र के कल्यानपुर के रहने वाले हैं। वन विभाग में कार्यरत अवधेश सिंह काफी समय तक वन दरोगा के पद पर शंकरगढ़ वन रेंज में ही कार्यरत रहे। इसके बाद इनका तबादला हो गया था। इधर, शासन स्तर से अवधेश सिंह का प्रमोशन हो गया। अवधेश सिंह के प्रमोशन पर रामबाबू सिंह, महेश सिंह, अनिल सिंह, संदीप सिंह, अनिल कुमार, अरुण सिंह आदि ने खुशी का इजहार किया है।

## पुरानी रंजिश को लेकर मार पीट दो जख्मी पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** पुरानी रंजिश को लेकर पडोसी मार पीट कर दो युवकों को जख्मी कर दिए तथा कपड़े फाड डाले। भुक्तभोगी की तहरीर पर पुलिस ने पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम अलावलपुर गांव निवासी उदयपाल यादव पुत्र केदारनाथ का कथन है कि उसके नाती रितिक,रितेश भैंस चरा रहे थे ।तभी पुरानी रंजिश को लेकर पडोसी लाठी डंडा से मार पीट कर लहुलुहान कर दिए तथा कपड़े फाड डाले। भुक्तभोगी उदयपाल यादव ने मऊआइमा थाने में तहरीर दे कर गांव के ही विष्णु, पप्पू, राजेश, सुभाष, महेंद्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# साड़ी पंचायत भवन का खुला ताला, गांव का विकास कार्य ठप

**अखंड भारत संदेश**




**ग्राम प्रधान ने सहायक कंप्यूटर ऑपरेटर पर लगाया गम्भीर आरोप, अधिकारी आने पर खुलता है पंचायत भवन**

**सचिव ने बताया कि सहायक कम्प्यूटर आपरेटर रोस्टर के बाद, औचक निरीक्षण में अनुपस्थित मिले**

**सहायक कंप्यूटर ऑपरेटर ने ग्राम प्रधान पर जमीनी विवाद का खुन्नश बताया**

**मांडा।** विकास खंड मांडा ब्लॉक मुख्यालय अंतर्गत 69 ग्राम पंचायतो में गांव की समस्याओ का गांव में समाधान के लिए योगी सरकार ने पहल कर पंचायत भवन का निर्माण कराया और सहायक पंचायत कंप्यूटर ऑपरेटर की नियुक्ति ग्राम पंचायत स्तर पर कराया लेकिन मांडा के 69 ग्राम पंचायत में दर्जनों ग्राम पंचायत के सहायक कंप्यूटर ऑपरेटर के मनमानी से प्रधानों के साथ ग्रामीणों को समस्याओं से झेलना पड़ रहा है। वहीं पात्र लाभार्थी सरकारी सुविधाओ से वंचित रह जाता है जिम्मेदार अधिकारियों की उदासिनता एवं साठ गाठ के कारण ग्राम पंचायतो में सरकारी धन की बन्दर बांट व भ्रष्टाचार चरम सीमा पर फूल फल रहा है। ग्राम प्रधान के साथ ग्रामीणों ने खण्ड विकास अधिकारी मांडा से शिकायत करते हुए बताया कि सहायक कंप्यूटर ऑपरेटर की जांच कर नसीहत न देने से वह गांव में धौंस दिखाकर मनमानी कार्य के साथ आए दिन पंचायत भवन में ताला बन्द कर गायब रहता है ।कंप्यूटर ऑपरेटर के खिलाफ कोई सख्त कार्यवाही न करने से ग्राम प्रधानो के साथ ग्रामीणों में काफी आक्रोश प्राप्त है। बता दें कि विकास खंड मांडा के 69 ग्राम पंचायत में साड़ी ग्राम पंचायत की समस्याओं के साथ शिकायतों का अंबार बढ़ता जा रहा है वही जिम्मेदार अधिकारी मौन धारण किए हुए हाथ पर हाथ रख कर बैठे हुए हैं। जैसे कि कोई विषैला जन्तु ने सूंघ लिया है।

**प्रधान द्वारा लगाया गया आरोप :** साड़ी ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान संजय यादव ने सहायक कंप्यूटर ऑपरेटर आजाद पाण्डेय पर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि योगी सरकार द्वारा हर घर शौचालय एवं प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास, पेंशन के लिए पंचायत भवन पर बैठक कर लाभार्थियों का आवेदन कराए जाने का निर्देश जारी होने के बावजूद भी वह अपने हरक्कत से बाज नहीं आ रहा है। जिससे साड़ी ग्राम पंचायत भवन पर शौचालय के लिए लगभग दर दर पात्र लाभार्थी भटक रहे हैं जहां कि पंचायत भवन पर दो सौ आवेदन पत्र के साथ आधार कार्ड, बैंक पास बुक, मोबाइल नंबर जमा हैं। लेकिन सहायक कंप्यूटर ऑपरेटर द्वारा पंचायत भवन में आए दिन ताला लटकता रहता है। जिसकी शिकायत सचिव व बीडीओ मांडा को अवगत कराया गया है। और प्रधान ने बताया कि काम न करने पर वेतन न देने से अधिकारियों के साठ गांठ से उसे वेतन के लिए दबाव बनाकर भुगतान करवा दिया जाता है और ग्राम पंचायत में कराए गए कार्यों का भुगतान समय से नहीं किया जाता है। जब जिले से कोई अधिकारी जांच करने गांव में जाते हैं तो वह अधिकारी के मौके पर पहुंच जाता है फिर उन्हें वापस जाने के बाद पंचायत भवन में ताला लटका कर गायब हो जाता हैं।

**ग्राम पंचायत अधिकारी ने बताया हकीकत :** सचिव चंद्रशेखर सिंह ने बताया कि जब रोस्टर के दिन ग्राम पंचायत भवन पर जाते हैं तो अधिकांश दिवसों पर उपस्थित पाए जाते हैं। वहीं ग्रामीणों की शिकायत पर औचक निरीक्षण करने के लिए ग्राम पंचायत भवन पर पहुंचते हैं तो सहायक कंप्यूटर ऑपरेटर अनुपस्थित पाए जाने की बात कहा।

**सहायक कम्प्यूटर आपरेटर ने आरोप निराधार बताया :** साड़ी ग्राम पंचायत के सहायक कम्प्यूटर आपरेटर आजाद पाण्डेय ने ग्राम प्रधान द्वारा लगाया गया आरोप को जमीनी खुन्नश बताया और कहा कि यह मेरे जमीन में बढ़कर मकान बनवा रहे थे जो मैंने रोक दिया था। उक्त मामले से खुन्नस होकर ग्राम पंचायत में नियुक्ति नही कर रहा था। फिर भी न्यायालय के आदेशानुसार नियुक्ति कर डेढ़ साल बाद अधिकारियो ने दबाव बनाकर वेतन भुगतान कराया। ग्राम प्रधान मेरे न रहने पर पंचायत भवन पर जाने की बात बताया।

# बीईओ का पांच गैर मान्यता विद्यालयों पर कहर, संचालकों में हड़कंप

**अखंड भारत संदेश**



माण्डा। विकास खण्ड मांडा मुख्यालय अन्तर्गत गैर मान्यता प्राप्त स्कूल क्षेत्र में तेजी से फल फूल रहा था। वही खण्ड शिक्षा अधिकारी मांडा ने विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। जिसमे पांच गैर मान्यता प्राप्त स्कूल पाया गया और संचालकों को तत्काल नोटिस जारी कर अवैध रूप चल रहे स्कूलों को बन्द करने कि अपील की। सोमवार को विकास खण्ड मांडा मुख्यालय अन्तर्गत धड़ल्ले से चल रहा गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयो का खण्ड शिक्षा अधिकारी मांडा राजीव प्रताप सिंह ने औचक निरीक्षण किया। वही क्षेत्र में गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों में माई छोटा स्कूल कनेवरा, डल्फिन पब्लिक स्कूल गुदनपुर भीस माण्डा, माँ माण्डवी पब्लिक स्कूल खवास का तारा,माँ विध्यावासिनी पब्लिक स्कूल गुदनपुर भीस माण्डा ,भीमराव अम्बेडकर पब्लिक स्कूल सुरवादला पुर में पहुंचकर छात्र, छात्राओ को सरकारी विद्यालयो में पढ़ने के लिए प्रेरित किया और सरकार द्वारा चलाई गई योजनाओं के बारे संक्षिप्त जानकारी दिया। गैर मान्यता प्राप्त स्कूलो में पढ़ रहे छात्रों के अभिभावकों से सरकारी स्कूलों में भेजने की अपील किया। खण्ड शिक्षा अधिकारी श्री सिंह ने बताया कि विद्यालयों को पूर्व में नोटिस जारी किया गया था । सोमवार को औचक निरीक्षण के दौरान गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयो के प्रबन्धको को बताया गया कि किसी भी दशा मे विद्यालय के नियम विरुद्ध संचालन होने पर आपके खिलाफ शिक्षा अधिकारी अधिनियम में प्राथमिकी दर्ज करवाने की अग्रिम विधिक कार्यवाही करने की बात कही।

## शिक्षा की दिशा व दशा बदलने पर अभिभावक, छात्र मायूस

**मांडा।** सरकारी स्कूलों एवं कॉलेजों की बिगड़ी शिक्षा कि दिशा व दशा देखकर अभिभावकों ने विवश होकर निजी स्कूलों में बच्चों को अच्छी शिक्षा के लिए प्राइवेट विद्यालयो का सहारा लेना उनकी मजबूरी हो गई है । वही सोमवार को सत्र समाप्ति पर खण्ड शिक्षा अधिकारी मांडा ने सरकारी स्कूलों में पढ़ने के लिए बच्चो का याद आया है। उक्त चचाएं क्षेत्र में फैली हुई है। अभिभावकों द्वारा बताया जाता है कि सरकारी स्कूलों के अध्यापक विद्यालय में आने के बाद घर जाने की समय का प्रतीक्षा करते हैं। शिक्षा विभाग की उदासीनता के सरकारी स्कूल में छात्रों की संख्या बढ़ने के बजाय शून्य हो ता जा रहा है। सरकारी स्कूलों की शिक्षा के अभिभावक छात्र मायूस नजर आए।

# मुख्य मंत्री जी कुछ ध्यान आइजीआरएस निस्तारण पर भी


**अखंड भारत संदेश**

**शिकायती को पता नहीं, न पूंछ न जांच,निस्तारण मनमानी कर लूट ली जाती है समाधान की वाहवाही, गलत निस्तारण से न्याय का घोंटा जा रहा गला, हो रही घटनाओं में वृद्धि**

कोरांव। सरकार द्वारा जनता की पीड़ा और उनकी त्वरित समस्याओं के आईजीआरएस द्वारा की गई फरियादों,शिकायतों के निस्पक्छ निस्तारण की व्यवस्था को समाधान करने वाले अधिकारी कर्मचारी दागदार बना दे रहे हैं,जिससे एक ही मामले की कई कई बार कई एंगिल से शिकायतें जनसुनवाई पोर्टल, सीएम हेल्प लाइन, रजिस्टर्ड पत्रों, जीमेल, ऑनलाइन, आफलाइन के माध्यमों से की जाती हैं किंतु निस्तारण करने वाले अधिकारी कर्मचारी गुणवत्ता पूर्ण निस्पक्छ जांच कार्यवाही के साथ निस्तारण न होने से शिकायतों का अंबार लगता जा रहा है।,बता दें कि ज्यादातर मामले भूमि विवाद और फौजदारी तथा वास्तविक घटनाओं को दबा कर मनमानी कार्यवाही किए जाने प्रथिमिकियां न दर्ज किए जाने आदि को ले कर द्वारा उचित माध्यम शिकायतें होती हैं। किंतु निस्तारण कर्ता अफसर बिना शिकायतकर्ता के पूंछे तांछे ही और बिना स्थलीय जांच पड़ताल किए अथवा स्वार्थ में आकर शिकायत का निस्तारण कर देते हैं जिससे शिकायत कर्ता की शिकायत न्याय न मिलने तक रन करती रहती है। इतना तक कि पीड़ित शिकायती फीड बैक शिकायत करता है तो भी मनमाना निस्तारण पोर्टल पर अपलोड कर दिया जाता है और मनमाने तरीके से दर्शा दिया जाता है कि निस्तारण आख्या संतोष जनक है। पुलिस विभाग को प्रेषित शिकायतों में ज्यादातर एफआईआर के बजाय एनसीआर रपट लिखाने,गंभीर अपराध को मामूली अपराध दिखाने,और स्वार्थ परक मामलों में तिल को ताड़ बनाने जैसे मामले अफसरों को खुश और संतुष्ट करने के लिए वाहवाही लूटने हेतु न्याय का गला घोंट कर अपने अधिकार कर्तव्य और कृत्य को छिपाने या दुर्पयोग करने जैसे प्रकरण प्रकाश में आते रहते हैं। यही हाल कमोवेश राजस्व विभाग में भी है। जन सुनवाई करने वाले राजस्व अधिकारी के ही अधिनस्थ की ज्यादा तर शिकायतें समाधान दिवसों में आती हैं। लेकिन उक्त अधिकारी खुद अपने ही विभाग को समुचित निस्तारण नहीं कर पाते जिस कारण शिकायतों का अंबार लगता जा रहा है। राजस्व कर्मी ही उल्टा को सीधा सीधा को उल्टा दशार्ते रहते हैं और पीड़ित मजलूम हर जनसुनवाइयों में दौड़ लगाता रहता है। जिससे सरकार की उक्त सिस्टम को सरकार के ही नुमाइंदे बदनाम करते जा रहे हैं। और न्यायोचित कार्यवाही न होने से विवादों की संख्या निरंतर बढ़ती जा रही है। उदाहरण के लिए कोरांव थाना से संबंधित भूमि प्रबंधक समिति चेयरमैन ग्राम सभा अलहवा बार ग्राम समाज की संपत्ति भूखंड संख्या 1036 खाय नाला में अवैध ढंग से बोई गई फसल को राजस्व पुलिस बल द्वारा दिनांक28/8/2021 को खाली कराया गया था किंतु भू अतिचारियों ने पुनः विगत माह जबरन ग्राम सभा की उक्त संपत्ति पर धान की फसल लगा दी कब्जा कर लिया,जिसकी एफआईआर दर्ज किए जाने हेतु ग्राम प्रधान अध्यक्ष भूमि प्रबंधक समिति ने द्वारा आईजीआरएस संख्या 40017523049479 केस दर्ज किए जाने की मांग पुलिस आयुक्त प्रयागराज से की तो पुलिस की आख्या निस्तारण चौकाने वाले दिखे। मांग के अनुरूप एफआईआर न लिख कर आरोप की पुष्टि ही नहीं हो रही दशार्या गया। और प्रधान तथा अपराधी के मध्य राजनैतिक विवाद दिखा दिया। गया जबकि भू अतिचारी प्रधान के विरुद्ध चुनाव ही नहीं लड़ा था। प्रधान प्रशासनिक कार्यवाही राजस्व हितार्थ कराने के किए तहरीर ऑनलाइन किए थे। जो सरकार की मंशा के विपरीत आईजीआरएस का निस्तारण कर दिया गया। इसी प्रकार कई मामले हैं ऐसे जिनके निस्तारण मनमाने ढंग से तहसील से के कर श्रम विभाग,आदि में भी विवादों के निस्तारण में देखा गया जिससे शिकायत कर्ता चाहे भूमि प्रबंधक समिति का हो या सामान्य नागरिक 90 फीसदी निस्तारण शिकायत के सापेक्ष नहीं होती न ही समुचित निस्तारण होते हैं।

# सीएम योगी ने प्रयागराज वासियों को दी 3357 करोड़ की 424 परियोजनाओं की सौगात, योजनाओं का किया बखान





अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने सोमवार को सोरांव के मेवालाल अयोध्या प्रसाद स्मारक इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में 3357 करोड़ रुपये की 424 परियोजनाओं का लोकार्पण तथा शिलान्यास किया। शिलान्यास वाले निर्माण कार्य महाकुंभ-2025 से पहले पूरे हो जाएंगे। भाजपा अनुसूचित जाति महासम्मेलन एवं लोकार्पण-शिलान्यास कार्यक्रम में आए मुख्यमंत्री ने भव्य एवं दिव्य महाकुंभ आयोजन की एक बार फिर घोषणा की। इसके मद्देनजर कई बड़े निर्माण कार्य शुरू हो चुके हैं इसी कड़ी में मुख्यमंत्री ने 424 परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। लोकार्पण वाली योजनाओं में तीन पुल, 13 सड़कें समेत कुल 74 निर्माण कार्य शामिल हैं। वहीं पांच नए फ्लाईओवर, 35 सड़कों को फोर लेन करने तथा चौड़ीकरण समेत 350 निर्माण कार्यों की आधारशीला रखी। इस दौरान मुख्यमंत्री सभी परियोजनाओं के समय से पूरा करने तथा गुणवत्ता का ध्यान दिए जाने की बात कही।



### महिला समूहों को प्रदान किया चेक

मुख्यमंत्री ने इस मौके पर दो महिला समूहों को प्रतिकात्मक चेक प्रदान किए। चेक बबिता, गुड्डी, रिंकी तथा कंचन एवं मालती देवी ने लिए। इसी के साथ उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना की चार लाभार्थियों सोरांव की उमा देवी, पूजा देवी तथा सुमन देवी और मऊआइमा की मालती देवी को चाबी प्रदान की। इस दौरान केंद्रीय मंत्री सोम प्रकाश, प्रदेश सरकार में उद्योग मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, समाज कल्याण राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार असीम अरुण, संजीव कुमार गौड़, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ.वीके सिंह, महापौर गणेश केसरवानी समेत अनेक नेता एवं अफसर मौजूद रहे।

### श्रुति का किया अन्नप्राशन और दुलारा

मुख्यमंत्री ने सरोज भारती की छह महीने की पुत्री श्रुति का अन्नप्राशन किया। उन्होंने बच्ची को गोद में लेकर दुलारा भी। बच्ची को तो इसका आभास नहीं था कि वह इस समय मुख्यमंत्री की गोद में है लेकिन मंच पर ही पास में खड़ी मां को इसका भान और गुमान दोनों था। सरोज के चेहरे पर उत्साह और खुशी साफ दिख रही थी। सरोज का कहना था कि यह पल उनके और उनकी बच्ची के जेहन में हमेशा रहेगा। इस पल के फोटोग्राफ्स भी उन्होंने अफसरों से मांगी है।

### बीच बीच में होता रहा शोरगुल

योगी के आने के पहले भी भीड़ में रह-रहकर विवाद होता रहा। शोरगुल के कारण मंच पर मौजूद नेताओं के द्वारा कई बार टोका गया और शांति बनाए रखने की अपील की जाती रही। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को करीब एक बजे सभास्थल पर आना था, लेकिन वह 1.22 बजे मंच पर पहुंचे। योगी के पहुंचने के बाद मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण, केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री सोम प्रकाश ने अपना वक्तव्य दिया। इसके बाद सीधे मुख्यमंत्री को बोलने के लिए आमंत्रित किया गया।


## भीड़ ने पुलिस से धक्कामुक्की करते हुए योगी की सभा में किया जबरन प्रवेश, मेटल डिटेक्टर गेट टूटा



अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** सोरांव के मेवालाल इंटर कॉलेज के मैदान में आयोजित भाजपा काशी प्रांत अनुसूचित जाति सम्मेलन में सभा स्थल पर बने वीआईपी एरिया में घुसने के लिए बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जमकर हंगामा किया। कुछ दूर पहले ही मेटल डिटेक्टर लगाकर सुरक्षा की दृष्टि से जांच के बाद ही अंदर प्रवेश करने दिया जा रहा था। एक एमएलसी के साथ पहुंचे दर्जनों भाजपा कार्यकर्ताओं ने वीआईपी एरिया में जबरन घुसने का प्रयास किया।वहां पर तैनात पुलिसकर्मियों ने रोका तो कार्यकर्ता नारेबाजी करने लगे और पुलिसकर्मियों से धक्कामुक्की करते हुए अंदर घुस गए। कार्यकर्ताओं के एकाएक अक्रामक होने के कारण पुलिसकर्मी भी पीछे हट गए। बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एमएलसी के साथ वीआईपी एरिया में घुस गए। कार्यकर्ताओं की धक्कामुक्की करने के कारण मेटल डिटेक्टर के लिए बना गेट धराशायी हो गया और उसे रौंदते हुए कार्यकर्ता वीआईपी एरिया में घुस गए। इसके बाद कई और पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और जबरन अंदर जा रहे लोगों को रोका। इसके चलते कुछ देर तक अफरातफरी का माहौल बना रहा।

## नकल माफिया का गढ़ बनी संगमनगरी, हर परीक्षा में सेंधमारी




अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** एसएससी से लेकर यूपीएसएससी तक, लेखपाल से लेकर पात्रता परीक्षा तक प्रतियोगी परीक्षाओं में संगमनगरी नकल माफिया का गढ़ बनती जा रही है। परीक्षाओं में सेंधमारी के तार हर बार प्रयागराज से जुड़ रहे हैं। हाल यह है कि सरगना के साथ ही उनके दर्जनों गुर्गों के जेल जाने के बाद भी नकल माफिया पर पूरी तरह लगाम नहीं लगाई जा पा रही है।एक दिन पहले पीईटी में जिस नकल माफिया गिरोह का भंडाफोड़ हुआ, उसका सरगना दीपक पटेल भी प्रयागराज के फाफामऊ में बैठकर यह पूरा खेल संचालित कर रहा था। इससे पहले दर्जनों बार प्रतियोगी परीक्षाओं में सेंधमारी के तार संगमनगरी से जुड़ चुके हैं। फरवरी में केंद्रीय विद्यालयों के लिए हुई शिक्षक पात्रता परीक्षा में प्रयागराज से छह सॉल्वर गिरफ्तार किए गए।

मार्च में रेलवे की ग्रुप सी भर्ती परीक्षा के दौरान चार सॉल्वर पकड़े गए। पिछले साल जुलाई में लेखपाल भर्ती परीक्षा में सेंधमारी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ हुआ। एसटीएफ ने खुलासा किया कि गिरोह प्रयागराज से संचालित किया जा रहा था, जिसके सरगना सोरांव निवासी नरेंद्र कुमार पटेल व संदीप पटेल थे। 2021 में टीजीटी परीक्षा के दौरान सॉल्वर गिरोह का भंडाफोड़ हुआ था, जिसका सरगना सोरांव निवासी धर्मेंद्र कुमार था।

**तीन साल में दर्ज हुए 38 मामले :** पिछले तीन साल की बात करें तो केवल प्रयागराज में परीक्षाओं में सेंधमारी के 38 मामले सामने आए हैं। इनमें 45 से ज्यादा लोग गिरफ्तार भी हुए। इनमें से कुछ मामले रुपये लेकर दूसरे की जगह परीक्षा में बैठने तो अन्य मामले सॉल्वर बैठाने, नकल कराने, परीक्षा पास कराने का ठेका लेने से संबंधित रहे। यह आंकड़े बताते हैं कि किस तरह से संगमनगरी नकल माफिया का गढ़ बनती जा रही है।

**कई प्रदेशों में फैलाया था जाल :** तीन साल पहले परिषदीय विद्यालयों के लिए हुई 69 हजार शिक्षक भर्ती परीक्षा में सेंधमारी कर प्रदेशभर में कुख्यात हुए नकल माफिया केएल पटेल भी अपना गिरोह प्रयागराज से ही संचालित करता था। उसने न सिर्फ उत्तर प्रदेश बल्कि अन्य प्रदेशों में भी जाल फैलाया था। मूल रूप से बहरिया के कप्सा गांव का रहने वाला केएल पटेल 69 हजार शिक्षक भर्ती के साथ ही रेलवे ग्रुप डी भर्ती, लेखपाल भर्ती समेत कई प्रतियोगी परीक्षाओं में धांधली करा चुका है।मप्र के व्यापम घोटाले में भी उसका नाम आया था। 69 हजार शिक्षक भर्ती मामले में गिरफ्तार कर उसे सोरांव पुलिस ने जेल भेजा था। उस पर शिवकुटी व सोरांव में गैंगस्टर के दो समेत कुल चार मुकदमे दर्ज हैं। पिछले साल उसकी करोड़ों की संपत्ति भी कुर्क की गई थी। पिछली कई परीक्षाओं में सेंधमारी करने वाले गिरोह के सदस्यों से पूछताछ में पता चला था कि वह केएल पटेल के लिए ही काम करते थे।

## सवारियों से भरी मैजिक अनियंत्रित होकर पलटी किशोर की मौत, 20 लोग घायल

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** जौनपुर जनपद के बादशाहपुर क्षेत्र में आयोजित भरत मिलाप कार्यक्रम से लौट रही सवारियों से भरी मैजिक हंडिया-जंघई मार्ग पर जैतापुर गांव के सामने अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसा सोमवार को भोर में हुआ। सवारियों की चीख पुकार सुनकर जुटे ग्रामीणों ने वाहन के नीचे दबे लोगों को किसी तरह बाहर निकाला। सूचना पाकर पुलिस भी पहुंच गई। हादसे में एक किशोर की मौत हो गई, जबकि 20 अन्य लोग जख्मी हो गए। घायलों का उपचार स्थानीय अस्पताल में किया गया। हालत नाजुक होने पर शहर रेफर किया गया है।घटना के बाद मौके पर अफरातफरी मची रही। घायलों को एंबुलेंस से घायलों को सीएचसी सरांयपीथा धनूपुर ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल आदित्य मौर्य उर्फ छोटू निवासी वार्ड पांच हंडिया तथा मैजिक चालक अखिलेश निवासी तारागांव को शहर के अस्पताल में भेज दिया गया। अस्पताल पहुंचने के पहले ही छोटू की सांसें थम गईं। चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।अखिलेश का इलाज शहर के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। छोटू कस्बे के ही एक इंटर कॉलेज में 10वीं का छात्र था। पिता कमलाशंकर राज मिस्त्री हैं। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। परिजनों ने विधिक कार्रवाई के बिना ही मृतक का अंतिम संस्कार भी कर दिया। दुर्घटना में घायल शिवम, सोनू, दीपक, रमा, अंशू, अभिषेक, नीरज, संतोष, संजू, सुषमा, पूजा, रीता, मनीषा, कपिल, अतुल, रवि, रामगरीब, अंकित को प्राथमिक उपचार की बाद छोड़ दिया गया। कुछ घायलों का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

# खेत जा रहे किसान की लोहे के रॉड से पीट पीटकर हत्या

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** प्रयागराज जनपद के एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के चिल्ला मुजफता गांव के दलित किसान खेत की रखवाली करने सोमवार की भोर विक्की लेकर वह खेत की तरफ जा रहा था रास्ते में रोक कर उसे लोहे के रॉड से पीट पीटकर मौत के घाट उतार दिया है हत्या करने के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए हैं मौत की जानकारी मिलते ही मौके पर तमाम लोगों की भीड़ लग गई मामले की सूचना पुलिस और मृतक के परिजनों को दी गई सूचना मिलते ही मौके पर रोते बिलखते परिजन पहुंच गए हैं मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है हत्या के पीछे 12 बीघे जमीन का विवाद बताया जाता है । जानकारी के मुताबिक प्रयागराज जनपद के एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के चिल्ला मुजफता

**करोड़ो कीमत की जमीन का विवाद किसान की हत्या का बना कारण, प्रयागराज जनपद के एयरपोर्ट थाना क्षेत्र में दिल दहला देने वाली घटना को दिया गया अंजाम**



गांव निवासी मन्नालाल पासी उम्र लगभग 60 वर्ष पुत्र खिन्नी पासी अपनी पत्नी बच्चों को लेकर के अपनी पुश्तैनी जमीन एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के बिलासपुर में इन दिनों रह रहा है बताया जाता है कि बिलासपुर में 12 बीघे उसकी पुश्तैनी जमीन है जिस पर नलकूप भी लगा हुआ है बिलासपुर की 12 बीघा इस जमीन पर लंबे समय से विवाद चल रहा है पुलिस अधिकारियों से लेकर के अदालत तक में मृतक ने फरियाद की थी लेकिन विवाद का निस्तारण नहीं हो सोमवार की भोर खेत में धान की मड़ाई हो रही थी वह अपने घर चिल्ला मुजफता से सोमवार की भोर विक्की बाइक लेकर बिलासपुर जा रहा था रास्ते में हमलावरो ने उसे बलपूर्वक रोक लिया है और लोहे के रॉड से ताबड़तोड़ प्रहार कर किसान को मौत के घाट उतार दिया है खेत में काम कर रहे लोगों ने उसकी लाश देखी है मामले की सूचना पुलिस और परिजनों को दी हत्या की जानकारी मिलते ही मौके पर परिजन पुलिस सहित तमाम ग्रामीणों की भीड़ लग गई मौके पर पहुंची पुलिस ने किसान के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है घटना स्थल से कुछ दूरी पर खून से सना लोहे का रॉड और मृतक की बिक्की मिली है जिसे पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है हमलावर मौके से फरार हैं जिनकी तलाश में पुलिस सरगर्मी से लगी है।

## न्यूज झरोखा...

### सीता स्वयंवर, धनुष भंग एवं परशु राम लक्ष्मण संवाद की लीला हुई



**नैनी।** नैनी जन सेवा समिति रामलीला के पांचवे दिन सीता स्वयंवर, धनुष भंग एवं परशुराम लक्ष्मण संवाद की लीला का मनोहरी मंचन श्री हनुमत रामलीला मंडल, प्रयागराज के कलाकारों द्वारा किया गया` महाराज जनक शिव धनुष का पूजन करते हैं एवं सीता स्वयंवर की घोषणा कर कहते हैं कि जो व्यक्ति शिव धनुष भंग करेगा, उसी के गले में सीता जय माल डाल देंगी` बड़े बड़े योद्धा धनुष को हिला भी ना सके` महाराज जनक विलाप करने लगे` सही अवसर जानकर महर्षि विश्वामित्र ने राम को धनुष भंग करने का आदेश दिया` राम ने पलक झपकते ही धनुष भंग कर दिया` सीता ने राम के गले में जयमाल डाल दी` चारों ओर सिया वर रामचंद्र की जय के जयकारे गूंजने लगे` धनुष भंग की सूचना पाकर भगवान परशुराम का आगमन होता है` परशुराम एवं लक्ष्मण के बीच चल रहे चुटीले संवादों को सुनकर दर्शक रोमांचित हो जाते हैं` कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पवन यादव, विनय सिंह, हरिशंकर सिंह, आरएलडी दुबे, आर के शुक्ला, रवि सिंह, अनिल चौधरी, संतोष सिंह, नीरज मिश्रा, शशि सिंह, प्रभात सिंह, सत्येंद्र सोनकर, दयाशंकर तिवारी, हरी बाबू सिंह, शिवदानी सिंह, अनुग्रह जायसवाल, विशाल श्रीवास्तव आदि ने सहयोग किया।

### अपना ही आशियाना तोड़ रहे हैं लोग



**नैनी।** नैनी स्टेशन रोड पर लोगों ने तेजी से अपना आशियाना तोड़ रहे हैं लोगों का मानना है कि हम अपने से अगर तोड़ेंगे तो जो नाप पीडीए के अधिकारियों ने लगाया है हम उतना तोड़ेंगे नहीं तो अगर पीडीए का बुलडोजर तोड़ेगा तो हमारा ज्यादा नुकसान होगा। हम आपको बता दें कि लेप्रोसी चौराहे से नैनी स्टेशन रोड मेवालाल की बगिया तक महाकुम्भ के लिए प्रस्तावित सड़क चौड़ी होनी है ।

### चमनगंज में आबकारी ने पकड़ी अवैध शराब की फैक्ट्री



**झूंसी।** आबकारी विभाग ने झूंसी के चमनगंज कनिहार रोड में महीनों से चल रही अवैध शराब की फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। मौके से कई पेटी अवैध शराब, खाली सीसी, ढक्कन, स्टिकर के साथ एक बोलेरो गाड़ी व दो लोगो को गिरफ्तार किया है। चमनगंज के एक मकान में सोमवार की शाम आबकारी इंस्पेक्टर फूलपुर नेहा सिंह, इंस्पेक्टर हंडिया दिनेश यादव व फोर्स के साथ छापा मारा मकान में आबकारी टीम ने सप्लाई के लिए जा रही 10 पेटी अवैध शराब, 37 खुले हुए पौये, 10 लीटर स्प्रिट, बार कोड, क्यूआर कोड, एक बाइक, बोलेरो के साथ सरायममरेज चकहौदा निवासी धीरेंद्र कुमार पटेल, अरुण कुमार पटेल को गिरफ्तार किया है।

## ग्रामीण नेतृत्व के विकास के लिए सबसे पहले गाँव से पलायन रोकने की आवश्यकता है : प्रो कृष्ण विहारी पाण्डेय

अखंड भारत संदेश




**प्रयागराज।** तीसरी सरकार अभियान के तत्वावधान में विश्व युवा केन्द्र, पंचपरमेश्वर विद्यापीठ, वरदान फाउंडेशन, भारतीय पंचायत फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय अंतरराज्यीय ग्रामीण नेतृत्व विकास कार्यशाला का समापन श्रीकृष्ण गार्डन झूंसी में किया गया। कार्यशाला के समापन सत्र को सम्बोधित करते हुए ग्रामोदय विश्व विद्यालय चित्रकूट और इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रोफेसर कृष्ण विहारी पाण्डेय ने कहा कि आज गाँव को शहर खा रहे हैं और गाँव से लगातार पलायन हो रहा है, ग्रामीण नेतृत्व के व्दारा सबसे पहले गाँव में शहरों जैसे संसाधन जोडने होंगे जिससे कि गाँव से प्रतिभाओं का पलायन रोका जा सके। उन्होंने कहा कि आज जो अच्छा पढ जा रहा है, जिसकी अच्छी नौकरी लग जा रही है वो गाँव लौटकर नहीं आता वो शहर में ही बस जाता है इससे गाँव में नेतृत्व के लिए सही प्रतिभा नहीं मिल रही है। समापन सत्र को सम्बोधित करते हुए तीसरी सरकार अभियान के संस्थापक और नेहरू युवा केन्द्र संगठन के पूर्व निदेशक व पंचपरमेश्वर विद्यापीठ के कुलपति डा0 चन्द्र शेखर प्राण ने कहा कि नेतृत्व के विकास के लिए आज जो कार्य योजना बनाई गई है उसे क्रियान्वित करने के लिए सभी को पूरी तन्मयता से जुटना होगा। कार्यशाला का शुभारंभ मेरठ से आये मुकन्द वल्लभ शर्मा व्दारा सर्वधर्म प्रार्थना कराने के साथ हुआ उसके बाद समूह चर्चा में कार्यशाला के अनुसार जिन बिन्दुओं पर चर्चा की गई थी उनके अनुसार कार्य योजना अलग अलग 03 समूहों व्दारा तैयार कर उसका प्रस्तुतीकरण किया गया। प्रस्तुतीकरण करने वालों में प्रमोद चौधरी मुजफ्फरनगर, नीतू सिंह लखनऊ, शरीफ अहमद अमरोहा, चंद्रशेखर व्दिवेदी व श्री साकेत बिहार, प्रमुख रूप से रहे। कार्य योजना के सम्बन्ध में डा. गीता रानी और विजय कुमार, जे पी एस मलिक व अनिल कौशिक सभी पूर्व राज्य निदेशक नेहरू युवा केन्द्र संगठन, के अलावा डा. सतवीर इंदौरी, डा. रवि गुप्ता, व प्रकाश राणा, इन्द्रेश लोहानी व शिव गुंजन सिंह, सची सिंह एवं धनन्जय राय, अनिल कुमार त्रिपाठी देवरिया ने अपने विचार व्यक्त किये। कार्यशाला में विशिष्ट योगदान करने के लिए विश्व युवा केन्द्र के निदेशक अजीज राय ने नलिनी मिश्रा, अमन कुमार, व विनोद मिश्रा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। सामाजिक कार्यकर्ता श्री आर्य शेखर एवं मेरठ से आये मुकन्द वल्लभ शर्मा ने चेतना गीतों का गायन कराया। इस अवसर पर राम धीरज जी, डा0 सत्येन्द्र सिंह प्रदेश समन्वयक बाल विज्ञान कांग्रेस, रत्नेश कुमार, प्रियंका बैतूल मध्यप्रदेश, ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यशाला में 10 राज्यों के 75 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया जिसमें काफी स्वयं सेवी संगठनों के प्रतिनिधि एवं पदाधिकारी शामिल थे। संचालन अरूण तिवारी ने किया व विश्व युवा केन्द्र के कार्यक्रम निदेशक श्री अजीज राय ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के आयोजन में डा. उमाशंकर सिंह, नलिनी मिश्रा, अमन वर्मा, विनोद मिश्रा, लखवीर सिंह, उमाशंकर बिष्ट, सुभाष उपाध्याय, दिनेश यादव आगरा, रवेन्द्र त्यागी गाजियाबाद, अमित त्रिपाठी झांसी, पवन श्रीवास्तव गोरखपुर और अनिल तिवारी प्रतापगढ़ का विशेष योगदान रहा।

## श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के प्रथम दिन निकली भव्य कलश यात्रा



**नैनी।** नैनी स्थित ए डी ए कॉलोनी, में नारायण पार्क में होने वाले श्रीमद् भागवत कथाज्ञान यज्ञ ( सप्त दिवसीय ) के प्रथम दिवस पर सुबह 10 बजे भव्य कलश यात्रा कथा व्यास श्री कृष्ण देव जी महराज के सानिध्य में संपन्न हुई` सायं काल श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ श्री श्री 1008 श्री राम रतन दास जी (फलाहारी बाबा) ने भगवान राधा कृष्ण के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया` श्रीमद् भागवत कथा के महात्म्य पर प्रकाश डालते हुए कथा व्यास पूज्य श्री कृष्ण देव जी महाराज ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा जीव को जन्म मरण के आवागमन चक्र से मुक्त कराने वाली है` जब महाराज परीक्षित के जीवन में कुछ ही दिन शेष बचे और उन्हें लगा कि उन्होंने अपने जीवन में अपनी मुक्ति का तो कोई उपाय किया ही नहीं है` ऐसे में उन्होंने संतों से परामर्श किया` सभी संतो ने एक मत होकर कहा कि इतने कम समय में सिर्फ श्रीमद् भागवत कथा श्रवण से ही आपकी मुक्ति संभव हो सकती है` महाराज परीक्षित ने महाभागवत शुकदेव स्वामी जी महाराज से श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण किया` कथा के अंतिम दिन तक्षक नाग ने महाराज परीक्षित को डस लिया` भागवत कथा के श्रवण से महाराज परीक्षित का मन शांत हो चुका था` उन्होंने बड़ी शांति से शरीर छोड़ा और परमगति को प्राप्त हुये` कार्यक्रम में प्रमुख रूप से इंस्पेक्टर विजयकांत द्विवेदी, प्रमोद कुमार तिवारी, आर के शुक्ला, सुरेश चंद्र मिश्र, चंद्रिका प्रसाद पांडेय, कमल सिंह, रमन प्रताप सिंह, प्रज्वल नारायण मिश्रा, सुधांशु मिश्रा, पी एन पांडेय, अशोक कुमार पांडेय, सुरेश विश्वकर्मा, अशोक जायसवाल एवं माताएं बहने उपस्थित रहीं।

# पारिवारिक विवाद के दौरान अधेड़ गंभीर रूप से घायल

## गोली लगने की सूचना पर हलाकान हुई पुलिस

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** पारिवारिक विवाद के दौरान अज्ञात हमलावरों ने अधेड़ को लाठी डण्डों से मारकर लहूलुहान कर दिया। पीड़ित की ओर से गोली मारे जाने की सूचना अफसरो को देने से हडकंप मच गया। सीओ समेत स्थानीय थाने की फोर्स जांच के लिए पहुंची लेकिन गोली लगने की बात झूठी निकली। जांच के बाद पुलिस ने गंभीर रूप से घायल अधेड़ को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजवाया है।

उदयपुर थाना क्षेत्र के मुस्तफाबाद के उसरा निवासी माताफेर यादव (50) पुत्र स्वर्गीय रामअधार यादव का पत्नी व बच्चों से रात साढ़े ग्यारह बजे घर के बाहर विवाद होने लगा। विवाद के दौरान अंधेरे में अज्ञात लोगों द्वारा लाठी डण्डों से मारकर अधेड़ को लहूलुहान कर दिया। मारपीट से उसके सिर व होंठ में गंभीर चोटें आ गयी। विवाद के बाद पत्नी व बच्चे भी कहीं चले गये। इस बीच पीड़ित माताफेर ने पुलिस अफसरों को सूचना देकर बताया कि उसे गोली मार दी गयी है। इसकी जानकारी होते ही पुलिसकर्मियों में हडकंप मच गया। सीओ रामसूरत सोनकर व उदयपुर एसओ निकेत भारद्वाज आननफानन में फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। यहां गंभीर हालत में लहूलुहान पड़े माताफेर यादव को सीएचसी सांगीपुर ले जाया गया। जांच के दौरान पीड़ित के गोली से घायल होने की बात गलत निकली। पुलिसकर्मियों ने गांव में जाकर भी पूछताछ किया लेकिन किसी ने फायरिंग की बात नहीं बतायी। पीड़ित को गंभीर चोटें लगने के कारण पूछताछ के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। एसओ निकेत भारद्वाज का कहना है कि गोली लगने की बात पूरी तरह से निराधार है। पीड़ित का पत्नी व बच्चों के साथ घर के बाहर विवाद हुआ था। उस पर हमला किसने किया इस मामले की जांच की जा रही है। मामले में किसी पक्ष की ओर से तहरीर भी नही दी गयी है।

## संदिग्ध अवस्था में युवती की मौत

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** पिरथीगंज थाना क्षेत्र के भगेसरा निवासिनी अंतिमा यादव की अज्ञात कारणों से मौत हो गई। वह चचेरे भाई दीपक यादव को अज्ञात बदमाशों द्वारा उठा कर ले जाने के मामले में चैकी पृथ्वीगंज द्वारा सुनवाई न होने की स्थिति में कोतवाली पैरवी के लिए आई थी। खबर मिलते ही परिजन अंतिम संस्कार के लिए उसे अपने घर ले गए। सूचना मिलने पर पुलिस भी पहुंची और मामले की छानबीन कर रही है। अभी मौत के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

# लूट के अभियोग से सम्बन्धित अभियुक्त गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के कुशल निर्देशन में जनपद प्रतापगढ़ में हुई अपराधिक वारदातों के अनावरण व सक्रिय अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही के अभियान के अन्तर्गत जनपद पुलिस द्वारा लगातार सूचना संकलन व सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जनपद के थाना जेठवारा से उ0नि0 विनीत कुमार उपाध्याय मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान थाना क्षेत्र जेठवारा के जुड़ापुर नहर तिराहे के पास रामगंज बाजार से थाना जेठवारा के मु0अ0सं0 235/23 धारा 392 भादवि से सम्बन्धित अभियुक्त मुन्ना उर्फ अमित सरोज पुत्र भगवत प्रसाद सरोज ग्राम बरियारपुर थाना जेठवारा जनपद प्रतापगढ़ को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से अभियोग से सम्बन्धित लूट के 3600 रुपए बरामद किये गये। उक्त बरामदगी के आधार पर अभियोग उपरोक्त में धारा 394/411 भादवि की बढ़ोत्तरी की गई। गिरफ्तार अभियुक्त नें पूछताछ में बताया कि 17 अक्टूबर 2023 को अपने साथी विपिन सिंह के साथ मिलकर एक व्यक्ति से 8000 हजार रुपये लूट लिये थे, जिसमे मेरे हिस्से में 3600 रुपये आये थे। ये वही रुपए है। बाकी के रुपये विपिन सिंह के पास है।

## रास्ते पर अतिक्रमण रोकने पर मिल रही धमकी, शिकायत

**लालगंज, प्रतापगढ़।** उदयपुर थाना क्षेत्र के पूरे पाण्डेय रेहुआ लालगंज निवासी दीनानाथ पाण्डेय की पत्नी आशा देवी ने सोमवार को स्थानीय थाने पर शिकायती पत्र देकर कहा है कि घर के सामने सार्वजनिक रास्ते पर गांव के शोभ नाथ पाण्डेय व उनका पुत्र पंकज जबरन मिटटी डाल रहा था। विरोध करने पर गालीगलौज व मारपीट पर अमादा हो जाते है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही है।

## कार्रवाई नहीं होने से हमलावर समझौते का बना रहे दबाव, सीओ से शिकायत

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सांगीपुर थाना क्षेत्र के मिश्रौल निवासी सुरेश कुमार वर्मा की पत्नी सोनिया ने सीओ रामसूरत सोनकर को दिये गये शिकायती पत्र में कहा है कि बीती तेईस अक्टूबर को गांव के हरकेश पुत्र झगरू, सुनीता पत्नी हरकेश व साधना पत्नी मुनेसर ने मारापीटा और मडहे में आग लगा कर जला दिया। सांगीपुर पुलिस को शिकायती पत्र दिया गया लेकिन कोई कार्रवाई नही की गयी। कार्रवाई न होने से आरोपी सुलह समझौते का दबाव बना रहे हैं। सीओ रामसूरत सोनकर ने सांगीपुर पुलिस को जांच कर मामले में कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

# मत्स्य पालकों को मछुआ कल्याण कोष योजना से दी जायेगी आर्थिक सहायता

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य पालक विकास अभिकरण विकास कुमार दीपांकर ने बताया है कि मत्स्य विभाग द्वारा मत्स्य पालक/मछुआरा समुदाय को मछुआ कल्याण कोष योजना के तहत दैवीय आपदाओं से हुई क्षति जैसे अतिवृष्टि, सूखा, आकाशीय विद्युत, आंधी तूफान, लू प्रकोप, नाव दुर्घटना, सर्पदंश, सीवर सफाई, गैस रिसाव, बोरबेल में गिरने, कुआं, नदी, झील, तालाब, पोखर, नहर, नाला आदि में डूबकर होने वाली मृत्यु के अतिरिक्त प्रदेश में सांड एवं बनरोज (नीलगाय) के आघात से प्रभावित होकर दैवीय आपदा से मृत्यु होने वाले मछुआरों/मत्स्य पालकों को मछुआ कल्याण कोष योजना अन्तर्गत मृत्यु होने पर मृतक के परिवार को रुपए 4 लाख एवं उक्त दुर्घटना से पैर अथवा आंख खोने पर रुपए 74 हजार से 2 लाख 50 हजार सहायता एवं घायलावस्था में भर्ती होने पर चिकित्सा हेतु रुपए 5400 से 16000 तक सहायता राशि सभी औपचारिकतायें पूर्ण करने पर दी जायेगी।

इसके अतिरिक्त मछुआरों/मछुआ समुदाय के गम्भीर बीमारियों के चिकित्सालय में भर्ती होकर ईलाज हेतु नियमानुसार सहायता प्रदान की जायेगी। ऐसे व्यक्ति पात्र होगें जो प्रधानमंत्री/मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना, आयुष्मान भारत, श्रम विभाग द्वारा संचालित कामगार गम्भीर बीमारी सहायता योजना, स्वास्थ्य या किसी विभाग अथवा विधायक/सांसद आदि निधि द्वारा चिकित्सा सहायता से आच्छादित न हो। इसके अतिरिक्त शिक्षा हेतु सहायता आदि योजनाओं से लाभ प्राप्त करने हेतु नियमानुसार पात्र व्यक्तियों द्वारा विभागीय वेबसाइट पर आनलाइन आवेदन किया जा सकता है। योजना का सम्पूर्ण विवरण आवेदन प्रक्रिया, आवेदन के साथ संलग्न किये जाने वाले अभिलेख तथा अन्य जानकारी विभागीय वेबसाइट से अथवा किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय मत्स्य पालक विकास अभिकरण कमरा नं0-5 विकास भवन प्रतापगढ़ से प्राप्त की जा सकती है।

# कलश यात्रा से हुआ श्रीमदभागवत कथा का शुभारम्भ

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** मानस को पवित्र कर धर्म में प्रवृत्त करने वाली भगवान शुकदेव के श्रीमुख से प्रवाहित कथा सरिता का प्रवाह आज से काछा ग्रामसभा के पूरे बोधराम में हो रहा है कथा के पूर्व आज कलश यात्रा निकाली गई।

ग्रामवासिनी मां काली मन्दिर से होते हुए बाबा दूधेश्वर दूधनाथ धाम तक जाकर वापस मां काली मन्दिर होते हुए कथा स्थल पर पहुंचकर विश्राम ली कलश यात्रा में कथा व्यास अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक भागवताचार्य श्री विनोदानंद जी महाराज गोलाकुटी अयोध्याधाम कथा यजमान श्रीमती इंदू शुक्ला व रामचन्द्र शुक्ल, आनंद त्रिपाठी, आचार्य करुणेश त्रिपाठी, राम गोपाल तिवारी, जय प्रकाश शुक्ल, अजय प्रकाश,



कलश यात्रा में शामिल लोग।

अमित शुक्ल, रजत, शुभम, संध्या, रश्मि, जयकन्या शुक्ला, मंजू शुक्ला, राजश्री शुक्ला, रिमझिम, पूजा, निशा, अमृता, चंद्रकांत शुक्ला, देवमणि, चंद्रमौली तिवारी, अभिषेक, सूरज, आशीष चंदन,सौरभ गोलू, शिवि, ईशान काव्या जया शिवाय कुश गौरी राघव कान्हा माधव प्रफुल्ल अमन रानी विभा बेबी रोशनी राधा शिल्पी संस्कृति, सिद्धार्थ, हरिवंश, जय भगवान पाण्डेय आदि उपस्थित होकर नाचते गाते हुए कलश के साथ यात्रा निकाली गई।

# बेल्हा देवी के पास कृत्रिम सरोवर में सकुशल विसर्जित हुई मूर्तियां

## पांच दिनों में 175 बड़ी व 500 छोटी मूर्तियों का हुआ विसर्जन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** शहर व आसपास क्षेत्र में स्थापित मां अम्बे की सभी मूर्तियों का विसर्जन बेल्हा देवी घाट के पास नगर पालिका द्वारा बनाये गये कृत्रिम सरोवर में किया गया। नगर पालिका ने यहां पर प्रकाश, पेयजल, जेसीबी से मलबा निकालने तथा सरोवर में पानी को बदलने के लिये कर्मचारी नियुक्त किये थे।

मूर्तियों का विसर्जन का कार्यक्रम विजय दशमी के दिन से शुरू होकर पांच दिनों तक चलता रहा। परम्परा के अनुसार शहर की मूर्तियों में आधी मूर्तियों की दशमी व उसके एक दिन बाद विसर्जित की जाती हैं लेकिन ज्यादातर मूर्तियों का विसर्जन भरत मिलाप के बाद किया गया। नगर पालिकाध्यक्ष



कृत्रिम सरोवर में मूर्तियों को विसर्जित करते लोग।

हरिप्रताप सिंह व ईओ राम अचल कुरील के निर्देशन में 175 बड़ी मूर्तियों व 500 छोटी मूर्तियों कृत्रिम सरोवर में विसर्जित की गई। यह जानकारी देते हुए नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि हर रोज जेसीबी से मलबा निकाल लिया जाता था और उसमें साफ पानी भरा जाता था। इस कार्य में नगर पालिका के कर्मचारियों को विसर्जन करने वाली मण्डली के लोगों ने भी नगर पालिका के साथ विसर्जन करने में सहयोग किया।

## चार आरोपियों के खिलाफ मारपीट व तोडफोड़ का मुकदमा

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सांगीपुर थाना क्षेत्र के पूरे नरायनदास निवासी यमुना प्रसाद सिंह के पुत्र शुभम सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती चैबीस अक्टूबर को शाम साढे छः बजे उसका भाई आटा चक्की की दुकान बंद कर घर लौट रहा था। आरोप है कि घर के समीप घात लगाए बैठे विपक्षी जितेन्द्र बहादुर सिंह उर्फ बचोले सिंह पुत्र चंद्रशेखर सिंह निवासी शाहबरी समेत पूरे नरायनदास निवासी पंकज सरोज पुत्र राजाराम, अरविंद सिंह पुत्र कालीशरण व भोला मौर्य पुत्र राधेश्याम ने लाठी डंडो से मारपीट कर अधमरा कर दिया। मारपीट के दौरान पीड़ित का मोबाइल फोन भी गिरकर टूट गया। पीड़ित की शिकायत पर चारों आरोपियों के खिलाफ मारपीट व घर में घुसकर तोडफोड का मुकदमा दर्ज किया गया है।

## डीजीसी क्रिमिनल सचीन्द्र सिंह का हुआ निधन

**प्रतापगढ़।** जनपद मुख्यालय प्रतापगढ़ के वरिष्ठ अधिवक्ता/पूर्व डीजीसी क्रिमिनल सचींद्र सिंह अधिवक्ता भवन चेंबर नं. 24 सिविल कोर्ट प्रतापगढ़ (निवासी ईशनपुर) का आज जिला अस्पताल प्रतापगढ़ में इलाज दौरान आकस्मिक निधन हो गया। बता दें कि रविवार की रात उन्हे सांस लेने में दिक्कत होने पर अस्पताल ले जाया गया था।

## वार्षिकोत्सव में शामिल होंगी विधायक मोना

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना मंगलवार को अपरान्ह दो बजे मुस्तफाबाद के पटेल नगर स्थित सरदार पटेल इण्टर कालेज में आयोजित वार्षिकोत्सव में शामिल होंगी। इसके पहले जिले की सीमा ननौती पर समर्थकों से मुलाकात करेंगी। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने दी है।

# करवा चौथ की खरीदारी करने वालों की बाजारों में लगी भीड़

## सबसे ज्यादा भीड़ कपड़े व चूड़ी की दुकानों पर

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** शहर की बाजारों में करवा चैथ के लिये खरीदारी करने वाली महिलाओं की भीड़ बढ़ गई है। अपने पति की सलामती के लिये निराजल व्रत रखने वाली महिलाएं नई साड़ी, नई चूड़ियां व नये आभूषण पहनना पसंद करती हैं लेकिन सोने का भाव तो सामान्य लोगों की बात नहीं रही तो साधारण घर के लोग पायल, बिछिया से काम चला लेते हैं।

सबसे ज्यादा भीड़ कपडे. व चूड़ियों की दुकानों पर देखी गई। पंजाबी मार्केट में भीड़ तो इतनी रही कि रास्ता चलना मुश्किल हो गया था। बता दें कि एक नवम्बर को करवा चैथ है। महिलाओं को चिंता है कि दो दिन ही बचे हैं और उसकी तैयारी अभी पूरी नहीं हो पाई



चूड़ी की दुकानों पर चूड़ी खरीदती महिलाएं।

है। महिलाएं चंद्रमा देखने के लिये चलनी की भी खरीदारी कर रही हैं। बता दें कि इस बार एक नवम्बर को करवा चैथ का व्रत पड़ रहा है। इसको लेकर महिलाएं तैयारी जोरों से कर रही हैं। वैसे ज्यादातर महिलाएं करवा चौथे की पूजा अपने घरों में करती हैं लेकिन अब मंदिरों व सार्वजनिक स्थानों पर भी करवा चौथ की पूजा होने लगी है जिसकी तैयारी में लोग लगे हैं।



अग्रसेन जयंती पर जुलूस में शामिल अग्रवाल समाज के लोग।

## डांस व फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता के विजेताओं को सदर विधायक ने किया पुरस्कृत

### हस्ताक्षर अभियान चलाकर चौक का नाम बदलने की हुई कवायद

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** अग्रसेन जयंती पर अग्रवाल समाज के लोगों ने चैक घंटाघर पर एकत्र होकर चैक घंटाघर का नाम अग्रसेन चैक करने के लिये हस्ताक्षर अभियान चलाया। इसके पहले गोपाल मंदिर से सैकड़ों महिलाओं का जुलूस निकला जिसमें आगे आगे सुनील गोयल, जय नारायण अग्रवाल, नितिन अग्रवाल चल रहे थे।

यह जुलूस जब चैक घंटाघर पहुंचा तो वहां चैक घंटाघर का नाम बदलने के लिये हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। इसमें चैक के कुछ व्यापारी भी शामिल हुए। यहां से यह जुलूस बाबागंज होते हुए तुलसी सदन पहुंचा जहां अनेक कार्यक्रम हुए। यहां पर भी वक्ताओं ने चैक घंटाघर का नाम अग्रसेन चैक करने की मांग उठाई। इस दौरान डांस व फैन्सी डेज्स प्रतियोगिता के विजेताओं ने सदर विधायक राजेन्द्र मौर्य ने पुरस्कृत किया। तुलसी सदन में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता सुनील गोयल ने किया। इस अवसर पर राजेश अग्रवाल, रमेश केडिया, अतुल अग्रवाल, विशाल मातनहेलिया, सुरेश अग्रवाल, विनोद अग्रवाल के अलावा नीतू अग्रवाल, निधि मातनहेलिया, शिवानी मातनहेलिया, रेखा गोयल, नीलम अग्रवाल, पिंकी अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# जीजीआईसी में छात्राओं को दी गई साइबर क्राइम की जानकारी

## डीआईओएस व सीओ सिटी रहीं मौजूद

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** राजकीय बालिका इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ में जिला अपराध निरोधक कमेटी जनपद प्रतापगढ़ द्वारा मिशन शक्ति का कार्यक्रम गरिमा श्रीवास्तव प्रधानाचार्य राजकीय बालिका इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरदार सिंह जिला विद्यालय निरीक्षक प्रतापगढ़ रहे। गेस्ट ऑफ ओनर के रूप करिश्मा गुप्ता सीओ सिटी प्रतापगढ़ रहीं। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में संतोष कुमार श्रीवास्तव प्रदेश सचिव एवं जेल



शिक्षक को सम्मानित करते अतिथि।

पर्यवेक्षक प्रयागराज रहे। विशिष्ट अतिथि में अजीत कुमार सिंह पर्यवेक्षक उत्तर प्रदेश रहे कार्यक्रम के आयोजक सुजीत कुमार श्रीवास्तव सचिव रहे।

मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि जिला अपराध निरोधक कमेटी द्वारा आयोजित या मिशन शक्ति का कार्यक्रम अति सराहनी है उन्होंने छात्राओं से कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार मिशन शक्ति के माध्यम से समाज में महिलाओं और बेटियों को सुरक्षा संरक्षण और सशक्तिकरण प्रदान किया जा रहा है। अब बेटियों को डरने की कोई आवश्यकता नहीं है वह निडर होकर समाज में आगे बढ़े अच्छी पढ़ाई के माध्यम से अपने लक्ष्य को प्राप्त करके ऊंचे पदों पर आसीन हो। इस दौरान साइबर अपराध से बचाव के लिये साइबर अवयेरनेस के पम्पलेट बांटे गये और भारत सरकार द्वारा जारी साइबर क्राइम हेल्प लाईन नं0 की जानकारी डेमो दिखाकर दिया गया। विशेष अतिथियों में जयप्रकाश सिंह साइबर विशेषज्ञ प्रयागराज डॉक्टर विंध्याचल सिंह आरबी विश्वकर्मा डीपीओ प्रतापगढ़ रण बहादुर विश्वकर्मा पीओ प्रतापगढ़ रहे संयोजक के रूप में उप प्रधानाचार्य श्रीमती गीता रही। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉक्टर मोहम्मद अनीश द्वारा किया गया। इस अवसर पर समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।



दो दिवसीय कंस वध लीला मेले में शामिल झांकी।

# दो दिवसीय कंस वध लीला मेला में उमड़ पड़ी भीड़

## महंगाई का असर मेले में दिखाई पड़ा

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास क्षेत्र कालाकंकर के नवाबगंज चैराहे पर दो दिवसीय कंस वध लीला मेला के प्रथम दिन सोमवार को मेलार्थियों की भारी भीड़ मेले मे दिखाई दी मेले मे विभिन्न प्रकार की दुकाने सजी दिखाई दी जिसमे महगाई का मेले में असर दिखाई दिया।

मेले में ज्यादातर बच्चो के खिलौने व गुब्बारे की बिक्री अधिक दिखाई दी। मेले में खाने पीने वाली वस्तुए में गुड़ की जलेबी व चाट की बिक्री जोरो पर रही। मेले में बच्चों ने झूलों का जमकर लुफ्त उठाया मेले की सुरक्षा ब्यवस्था मे नवाबगंज पुलिस मुस्तैदी के साथ डटी रही। महिला सिपाही शरारती तत्वों पर अपनी पैनी नजर रखे हुए थी उप निरीक्षक हरीश तिवारी अपने स्टॉफ के साथ मेले क्षेत्र का भ्रमण करते रहे। मंगलवार को कंस के बने पुतले को आग लगाकर दो दिवसीय मेले का समापन मेला कमेटी द्वारा किया जायेगा। दुकानदारों को बिजली पानी व ठहरने की सुरक्षा ब्यवस्था के साथ रात मे मनोरंजन के लिए नौटंकी का आयोजन किया गया है। मेला कमेटी के सदस्यों द्वारा मेला क्षेत्र का भ्रमण किया जा रहा है। मेले मे कमेटी द्वारा बच्चो की मनमोहक झांकी लोगों के दर्शन के लिए रखी गई है, जिसमे राम लक्ष्मण सीता भरत व शत्रुघन हनुमान के रूप मे बच्चों को सजाया गया है जिनको देखकर लोग उत्सुक हो रहे हैं।

# आयुर्वेद सेंटर की आड़ में कर रहा है एलोपैथ का इलाज

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** आयुर्वेदिक हर्बल सेंटर की आड़ में एलोपैथ का इलाज किया जा रहा है। छोलाछाप डॉक्टर लोगो के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहा है वही विभाग लापरवाह बना हुआ है। वहीं रसूख के चलते तथाकथित डॉक्टर कार्रवाई से खुद को बचा लेता है। स्थानीय सीएचसी क्षेत्र में दर्जनों छोलाछाप डॉक्टर क्लिनिक संचालित कर रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग सब जानते हुए भी अपनी जिम्मेदारियों को निभाने में नाकाम दिखाई दे रहा है। कुछ के पास प्राथमिक उपचार के रजिस्ट्रेशन है तो कुछ के पास वह भी नही है। कुछ तो बोर्ड आयुर्वेद का लगाते है और इलाज एलोपैथ का कर रहे है। यही नहीं बोर्ड पर कई डॉक्टरों नाम भी लिखवाते हैं।

## स्वास्थ्य के साथ हो रहा है खिलवाड़, रसूख के चलते कार्रवाई से दूर

सभी तथाकथित डॉक्टर ले दिखावा में आकर स्वास्थ्य से पीड़ित लोग फंस ही जाते है। यही नही सेंटर भी रिहायसी मकान में संचालित करते है। क्षेत्र के रानीगंज कैथौला बाजार स्थित एक छोलाछाप डॉक्टर ने तो सभी हदों को ही पर कर गया है। वह तमाम दिखावा करके अवैध क्लिनिक को नर्सिंग होम बना दिया है। यही दिखावा से लोग उसके बिछाए हुए जाल में जा कर फंस जाते है और वह इलाज के नाम पर अच्छी कमाई करता है। मरीज ठीक हुआ तो ठीक नही तो मेरे बस की बात नही है यह कहकर आगे जाने की सलाह दे देता है। खुद के लाभ के लिए दूसरों की जिंदगी के साथ यह खेल काफी दिनों से खेल रहा है। लोगों ने मामले की शिकायत कई बार विभागीय लोगो से की लेकिन अच्छी पकड़ के कारण वह कार्रवाई से बचता चला आ रहा है। इस संबंध में सीएचसी अधीक्षक अरविंद गुप्ता ने बताया की मामले को डिप्टी सीएमओ के संज्ञान में दे दिया गया है, शीघ्र ही कार्रवाई की जाएगी।

# प्रेम सम्बन्ध से नाराज मां-बहन और भाभी ने किशोरी को उतारा था मौत के घाट

## बालिका की हत्या के आरोप में पुलिस ने उसकी मां और बहन को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**अखंड भारत संदेश**



**कौशाम्बी।** जिले के मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के तेजवापुर गांव के एक कुएं में 26 अक्टूबर को मिली किशोरी की लाश कंकाल में परिवर्तित हो चुकी थी बालिका की लाश के मामले में मंझनपुर पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। पुलिस के मुताबिक किशोरी का गांव के ही किसी से प्रेम सम्बन्ध चल रहा था परिजनों के मना करने के बाद भी किशोरी अपने प्रेमी से मिलती रही, बदनामी के डर से किशोरी की मां, भाभी व छोटी बहन ने मिलकर उसकी हत्या कर दी, और लाश को गांव के किनारे कुएं में डाल दिया। 2 अक्टूबर को बालिका को भगा ले जाने के मामले में मंझनपुर कोतवाली पुलिस को ताहिर दी गई किसी को शक न हो इसलिए मां ने 14 अक्टूबर को उसके प्रेमी पर ही किशोरी को भगा ले जाने का आरोप लगाकर नामजद मुकदमा दर्ज करवा दिया 26 अक्टूबर को गांव के कुएं में लाश की सूचना से हड़कंप मच गया था,पुलिस ने घटना का खुलासा करते हुए हत्या में प्रयुक्त डंडा व कुल्हाड़ी बरामद करते हुए मामले में मृतक बालिका की माँ व छोटी बहन दोनो को गिरफ्तार कर कड़ाई से पूछताछ किया है पूछताछ के दौरान उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया है पुलिस ने लिखा पढ़ी करने के बाद बालिका की मां और बहन को न्यायालय भेज दिया है जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया है जबकि मृतक बालिका की भाभी अभी फरार चल रही है। जिसकी सरगर्मी से तलाश पुलिस कर रही है पुलिस के जांच के दौरान बेटी की हत्या करने वाली उसकी मां के ड्रामेबाजी ज्यादा देर तक नहीं चल सकी पुलिस ने जब आरोपियों पर थर्ड डिग्री इस्तेमाल किया तो हत्या की कहानी से पर्दा उठ गया और पुलिस को गुमराह करने वाली बालिका की मां अपनी बेटी की हत्या की गुनहगार के आरोप में जेल भेज दी गई है।

# मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य से कौशाम्बी में 449 बच्चे हुए लाभान्वित

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** उ0 प्र0 मुख्यमंत्री बाल सेवा योजनान्तर्गत (सामान्य) 0 से 18 वर्ष के ऐसे बच्चे जिनके माता पिता दोनों, माता या पिता में से किसी एक की अथवा वैध अभिभावक की मृत्यु 1 मार्च, 2020 के पश्चात कोविड के अतिरिक्त किसी भी कारण से हो गयी है, उन्हें कक्षा 12 उत्तीर्ण होने या 18 वर्ष होने तक लाभान्वित किया जायेंगा। यह जानकारी जिला प्रोबेशन अधिकारी ने देते हुए बताया कि 18 से 23 वर्ष की आयु के ऐसे किशोर जिनके माता पिता दोनों, माता या पिता में से किसी एक की अथवा वैध अभिभावक की मृत्यु 1 मार्च 2020 के पश्चात कोविड के अतिरिक्त किसी भी कारण से हो गयी है, उनको कक्षा 12 तक शिक्षा पूर्ण करने के उपरान्त राजकीय महाविद्यालयों विश्वविद्यालय अथवा तकनीकि संस्थान से स्नातक डिग्री अथवा डिप्लोमा प्राप्त करने वाले एवं राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगी परीक्षायें उत्तीर्ण करने वाले मेधावी छात्रों को 23 वर्ष की आयु पूरी होने या स्नातक शिक्षा अथवा मान्यता प्राप्त तकनीकि संस्थान डिप्लोमा प्राप्त करने में जो भी पहले हो तक इस योजना के अन्तर्गत लाभान्वित किया जायेंगा। उस परिवार के अधिकतम 02 बच्चों को 2500 रुपए प्रतिमाह की दर से उनके शिक्षा एवं स्वास्थ्य के लिए बच्चें व अभिभावक के संयुक्त खाते में प्रदान की जाती है। इस योजनान्तर्गत लाभ प्राप्त किये जाने के लिए आवश्यक दस्तावेज मृत्यु प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र जो 3 लाख वार्षिक से अधिक न हो (माता-पिता दोनो की मृत्यु होने पर कोई आय प्रमाण पत्र की आवश्यकता नही है), बच्चे एवं अभिभावक का संयुक्त खाता, निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र बच्चे की अभिभावक के साथ फोटो, 05 वर्ष से अधिक उम्र होने पर बच्चे का विद्यालय प्रमाण पत्र सहित कार्यालय जिला प्रोबेशन अधिकारी विकास भवन मंझनपुर से सम्पर्क कर आवेदन प्राप्त कर, आवेदन किया जा सकता है। बीडीओ व एसडीएम द्वारा संस्तुति तथा जिला स्तरीय टॉस्क फोर्स से अनुमोदन/संस्तुति उपरान्त विभाग द्वारा बजट प्राप्त होने पर लाभान्वित किया जायेगा। वर्तमान में 449 बच्चों को इस योजना से लाभान्वित किया जा रहा है, जिसमें 146 बच्चों का जिला टॉस्क फोर्स द्वारा माह अक्टूबर में अनुमोदन दिया गया है।

## न्यूज झरोखा

### राज्य सूचना आयुक्त ने कथावाचक आचार्य से लिया आशीर्वाद



**कौशाम्बी।** राज्य सूचना आयुक्त, उ0प्र0 श्रीमती किरन बाला चौधरी ने मेड़ई कल्याणी ट्रस्ट द्वारा ग्राम-पट्टी नरवर में ग्राम गौरव उत्सव के अन्तर्गत हो रहें खेल-कूद प्रतियोगिता का फीता काटकर शुभारम्भ किया तथा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया राज्य सूचना आयुक्त ने कथावाचक परम पूज्य आचार्य श्री चांद्राशु जी महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया तथा भागवत पूजन कर कथा का श्रवण किया इस अवसर पर उप जिलाधिकारी, चायल सौम्य मिश्र सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण एवं राजेंद्र मौर्य सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### सस्टेनेबिलिटी विषय पर बच्चों ने जानी जल की गुणवत्ता




**टेढ़ीमोड़ कौशाम्बी।** अर्थिअन विप्रो द्वारा की जा रही जल एवं सस्टेनेबिलिटी विषय पर कार्य योजना के अंतर्गत सिराथू विकासखण्ड के प्राथमिक विद्यालय रामपुर धमावा के छात्रों ने अपनी कार्य योजना को मूर्त रूप देने हेतु जल का परीक्षण कर उसकी अम्लीयता एवं क्षारीयता तथा गुणवत्ता को जांच अपनी मार्गदर्शन शिक्षक दीप नारायण मिश्र के मार्गदर्शन में परियोजना के समूह साथी पायल राय, गौरी गुप्ता, करमा देवी, शिवा सिंह, अमन राय ने विभिन्न परीक्षण लिटमस पेपर, पीएच पेपर तथा रासायनिक परीक्षण के माध्यम से जल की गुणवत्ता का परीक्षण किया। इस अवसर पर शिक्षक दीप नारायण मिश्र ने कहा कि जल जीवन का मूल आधार है अपनी आने वाली पीढियां को बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण जल देने के लिए हमें अभी से प्रयास करने की आवश्यकता है और वर्तमान परिपेक्ष में जल की अत्यधिक दोहन को काम करने की जरूरत है अगर अभी हमने जल का संरक्षण नहीं शुरू किया तो आने वाली पीढ़ियां हमें कभी माफ नहीं करेंगी।

### जन शिक्षण संस्थान ने प्रशिक्षण केंद्र आलम चंद में कराई मैराथन दौड़ प्रतियोगिता




**कौशाम्बी।** जन शिक्षण संस्थान कौशांबी कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा दिनांक 1 अक्टूबर 2023 से 31 अक्टूबर 2023 तक स्वच्छता अभियान 3.0 के अंतर्गत 30 अक्टूबर को प्रशिक्षण केंद्र आलमचंद में संस्थान के निदेशक राजकुमार पांडे ने स्वच्छता की शपथ दिलाई तथा स्वच्छता के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की तथा सभी प्रतिभागियों को मैराथन दौड़ की प्रतियोगिता कराई गई इस कार्यक्रम में संस्थान के कार्यक्रम अधिकारी संजय सिंह अनुदेशिका शिल्पी गुप्ता आकांक्षा सिंह एनिमा विशाखा सिंह पूजा देवी पूनम शबाना सपना आदि प्रतिभागी मौजूद रहे।

# पुरातन छात्र ने 5 बच्चो को गोद लेकर पढ़ाने का उठाया जिम्मा



**अझुवा कौशांबी।** नगर पंचायत अझुवा निवासी फूलचंद्र केसरवानी किसी परिचय के मोहताज नहीं है ये पिछले 3 पंचवर्षीय योजनाओं से नगर पंचायत अझुवा के वार्ड नंबर 12 के लोकप्रिय सभासद हैं इनके छोटे भाई इंजीनियर राजेंद्र कुमार केसरवानी पुत्र स्व मोतीलाल केसरवानी हैं इंजीनियर राजेंद्र कुमार विभिन्न प्राइमरी विद्यालयों सहित तमाम प्राइवेट विद्यालयों में पठन पाठन सामग्री ,खेल सामग्री जिसमे मिनी पार्क भी हैं बांटते रहते हैं राजेंद्र कुमार दयानंद सरस्वती इंटर कालेज के छात्र रहे हैं आज दिनांक 30 अक्टूबर को अपने संरक्षक भाई फूलचंद्र केसरवानी को दयानंद इंटर कालेज के 5 छात्रों को गोद लेकर पढ़ाने का जिम्मा उठाया जिनमे किसी बच्चे की 5 माह की फीस शेष थी किसी की 6 माह की सभी 5 बच्चों की फीस कालेज में जमा कर रसीद दिया है संरक्षक फूल चंद्र केसरवानी ने कहा अगले वर्ष 10 बच्चो को गोद लेकर उनकी शिक्षा पूर्ण कराएंगे इस नेक कार्य की प्रधानाचार्य सहित तमाम लोगों ने तारीफ की है प्रधानाचार्य ने कहा कि यदि ऐसे ही समाजसेवी लोग दृढ़ इच्छा शक्ति कर लें तो कोई गरीब बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं रहेगा।

## बम्हरौली का दो दिवसीय विराट इनामी दंगल मंगलवार व बुधवार को होगा

### देश, प्रदेश के पहलवानों का लगेगा जमघट, दिखाएंगे कुश्ती कला का प्रदर्शन

**टेढ़ी मोड़ कौशांबी।** सिराथू तहसील के बम्हरौली गांव का दो दिवसीय विराट इनामी दंगल का आयोजन दिन मंगलवार 31 अक्टूबर व बुधवार 1 नवंबर को किया जा रहा है। दंगल में जिले, प्रदेश से लेकर देश तक के पहलवान शिरकत करते हुए अपनी कुश्ती कलाओं व दांवपेंच का प्रदर्शन करेंगे। दंगल का आयोजन ग्राम प्रधान नियामत उल्ला के द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अच्छी कुश्तियों पर यहां भारी भरकम इनाम दिया जाता है जिसके कारण इस दंगल में नामी गिरामी पहलवान हर साल आते है। दंगल में निर्णायक का निर्णय ही सर्वमान्य होगा। दंगल के साथ साथ दोनों दिन मेला भी लगता है जिसमें क्षेत्र के लोग आकर अपनी जरूरत की वस्तुओं की खरीददारी करते हैं और बच्चे झूला आदि झूलते है।

# निजी समरसेबल बोर बचाने के चक्कर में नाला निर्माण को कर दिया टेढ़ा

**अखंड भारत संदेश**

### समरसेबल बोर का मिल चुका मुआवजा ठेकेदार कर रहा मनमानी



**टेढ़ीमोड़ कौशांबी।** सिराथू तहसील के टेढ़ीमोड़ में हाइवे निर्माण के बाद बस्ती के अंदर सर्विस रोड बनाने के बाद नाला का निर्माण और बिजली का पोल लगाने की कवायद चल रही है। टेढ़ीमोड़ में अंदर पास पुल के दक्षिण साइड पानी निकलने के लिए नाला का निर्माण विभाग के ठेकेदार द्वारा कराया जा रहा है। लेकिन ठेकेदार चौराहे के एक मिठाई की दुकान के सामने लगा उसका निजी समरसेबल पंप को बचाने के चक्कर में नाला को टेढ़ा बनाए जा रहा है। जबकि मिठाई के दुकान वाले को उस समरसेबल का मुआवजा एन एच ए आई द्वारा दिया जा चुका हैं। लोगों की माने तो ठेकेदार ने इस समरसेबल को बचाने के लिए मिठाई वाले से मोटी रकम ऐठी है। सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार टेढ़ी मोड़ चौराहा पर बना चर्चा का विषय जबकि नाले का निर्माण टेढ़ा करने से सर्विस रोड छोटी हो जाएगी और चौराहा होने के कारण लोगों को आने जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। ग्रामीणों ने ठेकेदार की इस रवैए से नाराजगी व्यक्त की है और विभाग के अधिकारियों से इसे सही रूप में निर्माण कराए जाने की मांग की है।

## सिपाही पुत्र की सड़क हादसे में मौत

**महेवाघाट कौशाम्बी।** महेवाघाट थाना क्षेत्र के कुम्हियवा बाजार निवासी एक सिपाही के पुत्र को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी है जिससे सिपाही पुत्र की मौत हो गई है मौत की सूचना मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ लग गई है मामले की सूचना पुलिस को दी गयी मौके पर पहुंची पुलिस ने सिपाही के मृतक पुत्र के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक महेवाघाट थाना क्षेत्र के कुम्हियावा बाजार निवासी गुड्डू यादव उम्र लगभग 25 वर्ष पुत्र कैलाश यादव किसी घरेलू काम से अजरौली बाजार बाइक से जा रहे थे जैसे ही युवक नहर की पुलिया को पार किया वैसे ही तेज रफ्तार कार सवार ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। कार की भिड़ंत से बाइक सवार युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।टक्कर मारने के बाद कार सवार कार को मौके पर छोड़कर फरार हो गया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया और दुर्घटना करने वाली कार को अपने कब्जे में ले लिया है। पूरे गांव में शोक व्याप्त है। मृतक गुड्डू यादव के पिता कैलाश यादव गैर जनपद में पुलिस विभाग में सिपाही के पद पर तैनात है।

# रामलीला मैदान से निकली धूमधाम से मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम की बारात

**अखंड भारत संदेश**

### चेयरमैन शांती देवी कुशवाहा के आवास पर बारातियों का भव्य स्वागत करते हुए जलपान कराया गया



**अझुवा कौशांबी।** आदर्श नगर पंचायत अझुवा के गांधी चबूतरे मैदान में आयोजित रामलीला कार्यक्रम के पांचवें दिन श्री राम बारात घोड़े बग्घी ढोल नगाड़ा डीजे ,संगीत मयी ध्वनि के साथ नगर का भ्रमण किया है श्री राम बारात का जगह जगह भव्य स्वागत किया गया श्री राम सीता गुरु विश्वामित्र सहित श्री राम के भाई लक्ष्मण, भरत,शत्रुघ्न के स्वरूपों को नगर पंचायत के तमाम लोगों ने पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया है बारात रामलीला मैदान से होते हुए भोला चौराहा,लाई मंडी, गुड़मंडी पहुंची है जहां चेयरमैन शांती देवी कुशवाहा के आवास पर बारातियों का भव्य स्वागत करते हुए जलपान कराया गया है। ऐसे ही कई रामभक्तों ने बारातियों को जलपान कराया है। बारात शायरी माता तिराहे होते हुए सब्जी मंडी, दयानंद सरस्वती इंटर कालेज, बड़ा दराना, नवीन मंडी समिति होते हुए वापस रामलीला मैदान पहुंची है। वहीं बीती रात रामलीला मैदान पर फतेहपुर आवास विकास कालोनी से आए कलाकारों ने धनुष यज्ञ, सीता स्वयंवर, परशुराम लक्ष्मण संवाद का भावपूर्ण मंचन कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दियारामलीला कमेटी के पदाधिकारियों ने बताया रामलीला मंचन बहुत ही भावपूर्ण संगीत मय होता है जिसे देखने के नगर पंचायत के रामभक्त उमड़ रहे हैं इस अवसर पर श्री रामलीला कमेटी के अध्यक्ष ओमप्रकाश कुशवाहा, सौरभ केसरवानी, विपिन मोदनवाल फूलचंद्र केसरवानी, करन सिंह, हीरालाल मौर्य सहित सैकड़ों लोग रामबरात में शामिल हुए इस दौरान किसी भी तरह की अवांछनीय घटना से निपटने हेतु चौकी इंचार्ज अरुण कुमार मय हमराही मुस्तैद रहे हैं।

## कौशाम्बी के युवक की सऊदी अरब में सड़क हादसे में मौत

**कौशाम्बी।** जिले के एक युवक की सऊदी अरब में सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई,युवक की मौत की सूचना जैसे ही परिजनो को मिली तो कोहराम मच गया,युवक सऊदी अरब में किसी कंपनी में काम करता था और रात में उसकी सड़क हादसे में मौत हो गई। कड़ा धाम थाना क्षेत्र के मुल्लनपुर गढ़ी गांव के संतोष कुमार पुत्र शीतला प्रसाद सऊदी अरब में किसी कंपनी में काम करते थे,वह किसी काम से कही जा रहे थे तभी किसी ट्रक से उनकी गाड़ी टकरा गई और हादसे में संतोष की मौत हो गई। संतोष की मौत की सूचना वहां से आई तो परिजनो में कोहराम मच गया परिजन मृतक संतोष के शव को लाने के लिए परेशान है, कि वह उनका अंतिम दर्शन और अंतिम संस्कार कर भी पाएंगे अथवा नहीं। परिजनो को उनके रिश्तेदार शोक संवेदना व्यक्त करने और सांत्वना देने के लिए पहुंच रहे है।

# मंझनपुर के पंचायत सचिव की पत्नी ने 95 लाख का खरीदा प्लाट

**अखंड भारत संदेश**

### पंचायत सचिव के बेरोजगार पत्नी के पास अकूत संपत्ति आने के पीछे रहस्य क्या है!

**कौशाम्बी।** भ्रष्टाचार मुक्त सरकार की बात करने वाली योगी सरकार में सरकारी नुमाइन्दो की आर्थिक हैसियत इस कदर तेजी से बढ़ रही है कि लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गई है जिले के मंझनपुर विकासखंड क्षेत्र के गांव में तैनात एक पंचायत सचिव की पत्नी ने बीते दिनों प्रयागराज शहर में 95 लाख रुपए कीमत का प्लाट खरीदा है पंचायत सचिव की पत्नी के द्वारा महंगा प्लाट खरीदे जाने की चर्चा मंझनपुर विकासखंड में तेजी से हो रही है हालांकि पंचायत सचिव ईमानदारी की दुहाई देते हैं अब सवाल उठता है कि पंचायत सचिव के बेरोजगार पत्नी के पास करोड़ो की अकूत संपत्ति कहां से आई है प्लाट खरीदने के अलावा भी पंचायत सचिव ने अन्य स्थानों पर करोड़ों रुपए खर्च किया है पंचायत सचिव की बेरोजगार पत्नी के करोड़ों रुपए कमाई का क्या स्त्रोत है लेकिन इसका जवाब विकासखंड कार्यालय मंझनपुर में देने को कोई तैयार नहीं है सूत्रों के माने तो सरकारी योजनाओं में धांधली कर करोड़ों रुपए की अवैध कमाई में पंचायत सचिव लगे हैं मंझनपुर विकासखंड के पंचायत सचिव की पत्नी के जमीन खरीदने के मामले को अधिकारियों ने गंभीरता से लेकर पंचायत सचिव के कार्यकाल में कराए गए विकास योजनाओं की जांच कराई तो हकीकत से पर्दा उठना तय है हालांकि विकास योजना से जुड़े अधिकारी ईमानदारी और पारदर्शिता का हवाला दे रहे हैं लेकिन उसके बाद पंचायत सचिव की पत्नी ने करोड़ों रुपए जमीन मकान में खर्च किया है तो भ्रष्टाचार से उनके गहरे रिश्ते से इनकार नहीं किया जा सकता पंचायत सचिव के साथ-साथ योजना से जुड़े अन्य अधिकारियों की भी हैसियत तेजी से बढ़ी है विकास योजनाओं से जुड़े अधिकारियों की जांच कराए जाने की जरूरत है।

# पत्रकार पुत्र के हांथ से मोबाइल छीनकर भाग रहे बदमाशों ने झोंका फायर बाल - बाल बचा पत्रकार

**अखंड भारत संदेश**


**कौशाम्बी।** पूरामुफ्ती थाना से पांच सौ मीटर की दूरी पर अज्ञात बाइक सवार मदमाशो ने सरेआम पत्रकार पुत्र के हांथ से मोबाइल छीनकर भाग रहे थे पीछा करने पर पत्रकार के ऊपर तमंचे से फायर झोंक दिया गलिमत रही कि बदमाशों का निशाना चूक गया जिससे पत्रकार बाल - बाल बच गया। पीड़ित पत्रकार ने घटना की जानकारी तत्काल पूरामुफ्ती पुलिस को दिया मौके पर स्थानीय पुलिस पहुंचकर बदमाशों के खोजबीन में जुट गई है। सुरेश सिंह पुत्र स्व रामसुख निवासी बिहका उर्फ पूरामुफ्ती पेशे से पत्रकार हैं उनका नाबालिक लड़का रितेश सिंह उम्र लगभग 13 वर्ष 29 अक्टूबर की शाम घर के बाहर बैठकर मोबाइल चला रहा था तभी बाइक सवार बदमाश आए और पत्रकार पुत्र के हांथ से मोबाइल छीनकर भागने लगे पत्रकार पुत्र ने हो हल्ला मचाया तो हो हल्ला सुनकर पत्रकार सुरेश सिंह घर से बाहर निकलकर बाइक से बदमाशों का पीछा करने लगे बदमाशों ने पत्रकार को पीछे आता देखकर पत्रकार के ऊपर तमंचे से फायर झोंक दिया हालांकि पत्रकार सुरेश सिंह बदमाश के तमंचे से निकली गोली से बाल - बाल बच गए हैं। गोलियों की आवाज सुनकर आस - पास के लोग इकट्ठा हो गए और बदमाशों का पीछा करने लगे लेकिन अंधेरे का फायदा उठाकर बदमाश फरार हो गए। पीड़ित पत्रकार थाना पूरामुफ्ती पहुंचकर लिखित शिकायती पत्र देकर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही की मांग की है।

# स्त्रियों के सौभाग्य का प्रतीक है करवा चौथ

**अखंड भारत संदेश**

## करवा चौथ विशेष





**कौशाम्बी।** करवा चौथ का व्रत स्त्रियों के सौभाग्य का प्रतीक होता है और उनका यह मुख्य त्यौहार है और यह ब्रत सुहागिन महिलाएं अपने पति की दीघार्यु के लिए करती हैं और यह करवा चौथ का व्रत कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को मनाया जाता है। करवा चौथ की कहानी है कि, देवी करवा अपने पति के साथ तुंगभद्रा नदी के पास रहती थीं। एक दिन करवा के पति नदी में स्नान करने गए तो एक मगरमच्छ ने उनका पैर पकड़ लिया और नदी में खिंचने लगा। मृत्यु करीब देखकर करवा के पति करवा को पुकारने लगे। करवा दौड़कर नदी के पास पहुंचीं और पति को मृत्यु के मुंह में ले जाते मगर को देखा असल में यह करवा नाम की एक दूसरी स्त्री की कहानी है, जिसने सावित्री की ही तरह अपने पति के प्राण यमराज से बचा लिए थे. तब यमराज ने करवा को उसकी पति श्रद्धा देखकर वरदान दिया था कि इस विशेष दिन को तुम्हारे नाम के व्रत से जाना जाएगा और जो स्त्री ऐसा व्रत करेगी उसका अखंड सुहाग बना रहेगा। इसके साथ एक अन्य पौराणिक कथा यह भी है की एक नगर में एक साहूकार रहता था । उसके सात पुत्र व एक पुत्री थी। सातों पुत्र अपनी बहन से बहुत प्रेम करते थे । कार्तिक महीने में जब कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि आई तो साहूकार के परिवार की महिलाओं व उसकी बहन ने भी व्रत रखा जब रात्रि में साहूकार के बेटो ने अपनी बहन को भोजन करने के लिए कहा परंतु बहन ने भोजन करने से मना कर दिया और कहा कि आज मेरा व्रत है मैं चंद्र दर्शन के उपरांत ही भोजन करूंगी। भाइयों के द्वारा बहन का मुरझाया हुआ चेहरा देखा नहीं जा रहा था भाइयों के लाख आग्रह करने पर भी बहन ने उनकी बात नहीं मानी।तब सातों भाइयों ने मिलकर एक योजना बनाई बाहर जाकर पेड़ की ओट में आग लगा दी और उसके प्रकाश को बहन को दिखा कर कहा देखो बहन चांद निकल आया पूजा करके भोजन ग्रहण कर लो अपने भाइयों के द्वारा इस प्रकार चांद निकलने की बात को सुनकर बहन ने अपनी भाभियों से भी कहा कि आप लोग भी मेरे साथ पूजा कर लीजिए चांद निकल आया है परंतु उसकी भाभियों को अपने पतियों द्वारा की गई इस युक्ति के बारे में पता था । उन्होंने अपनी नंद को इस विषय में बताया परंतु बहन ने भाभियों की बात को न मानकर पूजन किए बिना अग्नि के प्रकाश को ही चंद्र का प्रकाश मानकर पूजन कर लिया और भोजन भी ग्रहण कर लिया । इस प्रकार उसका व्रत टूट गया । जिससे भगवान उससे नाराज हो गए उसके पति की हालत बिगड़ गई और हालत ज्यादा बिगड़ने के कारण मृत्यु हो गई । तब उसकी भाभियों ने सारी बातों से उसे अवगत कराया तब भाइयों को भी अपनी गलती का बहुत पछतावा हुआ उसकी बहन का अपने पति के प्रति विलाप सुनकर मां गौरी एक बुढ़िया का वेष बनाकर आई और बोली तुम्हे अपने पति के मृतशरीर को अगले करवा चौथ आने तक संभाल कर रखना होगा अगले वर्ष जब करवा चौथ आएगा तुम पूरे विधि विधान से पूजा करोगी और चंद्र दर्शन के पश्चात जल ग्रहण करोगी तब तुम्हारा पति जीवित हो जाएगा । उस कन्या ने बूढी औरत की कही हुई बात का अनुसरण करके ठीक वैसा ही किया व अगले वर्ष के करवा चौथ आने पर पूरी निष्ठा से विधि विधान के साथ पूजा किया तथा चंद्र दर्शन करने के बाद ही जल ग्रहण किया । जिससे उसके पति जीवित हो गए। उस दिन भगवान शिव-पार्वती, स्वामी कार्तिकेय, गणेश एवं चन्द्रमा का पूजन महिलाएं करती हैं इस व्रत में व्रत कथा का बहुत अधिक महत्व होता है। चांद के दर्शन से पहले करवा चौथ व्रत कथा का पाठ अवश्य किया जाता है करवा चौथ की कहानी सुनने की आवश्यक चीजों में एक विशेष मिट्टी का बर्तन, जिसे भगवान गणेश का प्रतीक माना जाता है, पानी से भरा एक धातु का कलश, फूल, अंबिका गौर माता, देवी पार्वती की मूर्तियां और कुछ फल, मठरी और शामिल हैं। खाद्यान्न एक करवा, कलश या स्टील का गिलास पानी एक चम्मच दूध और चुटकी भर चीनी और चावल से भरा होता है। इसे शाम और चांद पूमा के लिए रखा जाता है और थाली के बाहर रखा जाता है। करवा चौथ थाली में करवा या एक मिट्टी का बर्तन (शांति और समृद्धि का प्रतीक), एक दीपक या दीया, एक छलनी या छन्नी, एक लोटा या पानी का बर्तन, सिन्दूर मिठाई जैसे मठरी 10-12 टुकड़े होते हैं। चावल, करवा चौथ कथा पुस्तक और फल इनमें पर्याप्त मात्रा में फाइबर और पानी होता है पूरे दिन निर्जला पर रखकर महिलाएं शाम को चंद्र दर्शन करके चंद्र देव को अर्थ देकर शंकर पार्वती गणेश कार्तिकेय के आराधना कर अपने पति के हाथों जल ग्रहण करती हैं और पति की दीघार्यु की कामना करती हैं।

**लेखक प्रज्ञा शर्मा (गार्गी) अध्यक्ष महिला काव्य मंच कौशाम्बी**

संपादक की कलम से

## सुहागनों का सबसे खास पर्व करवा चौथ

वैश्विक स्तरपर यह सर्वविदित है कि भारत में आध्यात्मिकता प्राचीन कथाओं से जुड़े धार्मिक व्रत निर्जल व्रत धार्मिक अनुष्ठान सहित अनेको धार्मिक पाठ भागवत कथा जैसे अनेक धार्मिक अनुष्ठान अनेकों जाति धर्मप्रथाओं के धार्मिक स्थलों पर दैनिक, साप्ताहिक मासिक या वार्षिक स्तर पर होते हैं।मैं अनेकों धार्मिक स्थानो पर धार्मिक आस्था जुड़ी होने के कारण जाता हूं तो मुझे वहां पुरुषों की अपेक्षा महिला आध्यात्मिक श्रद्धालओ की संख्या अधिक देखने को मिलती है जिससे मैं इस निष्कर्ष पर पहुंचा हूं कि पुरुषों की अपेक्षा महिलाओं में आध्यात्मिकता और पौराणिक कथाओं से उत्प्रेरित व्रत के प्रति उनकी आस्था अधिक है। याने पुरुषों की अपेक्षा महिलाएं धार्मिक आधार से जुड़े अनेक व्रत रखती रखती है। परंतु सुहागन महिलाओं के लिए उनका सबसे बड़ा व्रत उनका खास पर्व करवा चौथ होता है क्योंकि इस व्रत से महिलाएं अपने सुखी वैवाहिक जीवन व अपने पति की लंबी आयु की कामना करती है। चूंकि करवा चौथ पर्व इस वर्ष 1 नवंबर 2023 को मनाया जा रहा है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे महिलाओं द्वारा सुखी वैवाहिक जीवन और पति की लंबी आयु की कामना के लिए निर्जला व्रत रखना करवा चौथ का मूल आधार है। बता दें, इस लेख में दी गई जानकारी/सामग्री/गणना की प्रामाणिकता या विश्वसनीयता की गारंटी नहीं है। सूचना के विभिन्न माध्यमों/ज्योतिषियों/पंचांग/प्रवचनों/धार्मिक मान्यताओं/धर्मग्रंथों से संकलित करके यह सूचना प्रेषित की गई हैं। हमारा उद्देश्य सिर्फ सूचना पहुंचाना है, पाठक या उपयोगकर्ता इसे सिर्फ सूचना समझकर ही लें। इसके अतिरिक्त इसके किसी भी तरह से उपयोग की जिम्मेदारी स्वयं उपयोगकर्ता या पाठक की ही होगी।

साथियों बात अगर हम निर्जला व्रत करवा चौथ 1 नवंबर 2023 की करें तो, इस साल करवा चौथ का व्रत बुधवार 1 नवंबर 2023 को रखा जाएगा। इस दिन महिलाएं अखंड सौभाग्य की कामना करते हुए करवा चौथ का व्रत रखेंगी। करवा चौथ के दिन महिलाएं 16 श्रृंगार कर पूजा करती हैं। सूर्योदय से लेकर सूर्यास्त तक कठिन निर्जला व्रत रखती हैं।इस दिन महिलाएं रात को चंद्रोदय के बाद चंद्रमा को अर्घ्य देकर पति को छलनी से देखकर व्रत खोलती हैं। मान्यता है कि करवा चौथ के व्रत से वैवाहिक जीवन सुखमय होता है। एक माननीय शास्त्री ने बताया कि इस व्रत को अविवाहित लड़कियां भी रख सकती हैं और अच्छे पति कीएक्सकामना कर सकती हैं। इस दिन महिलाओं को पूर्ण श्रृंगार के बाद ही पूजन करना चाहिए। हिन्दू धर्म में महिलाओं को हर पूजन से पहले सम्पूर्ण श्रृंगार करने की बात कही गयी है। करवा चौथ के दिन विवाहित महिलाएं अपने पति की अच?छी सेहत और लंबी उम्र के लिए व्रत रखती हैं। चूंकि यह व्रत निर्जला रखा जाता है इसलिए इसे बहुत कठिन माना गया है। करवा चौथ का हिंदू धर्म में व?िशेष महत?व है।

यह व्रत कार्तिक माह के कृ?ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को रखा जाता है। वैदिक पंचांग के अनुसार कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि 31 अक्टूबर दिन मंगलवार की रात 09बजकर 30 मिनट से प्रारंभ होगी और 1 नवंबर बुधवारको रात 09बजकर 19 मिनट पर खत्म होगी उदया तिथि और चतुर्थी के चंद्रोदय समय के अनुसार करवा चौथ व्रत 1 नवंबर 2023, बुधवार को रखना ही उचित होगा। इस साल व्रती महिलाओं को 13 घंटे 42 मिनट तक निर्जला व्रत रखना होगा क?योंकि व्रत सुबह 06 बजकर 33 मिनट पर सूर्योदय से शुरू होकर रात 08 बजकर 15 मिनट पर चंद्रोदय होने तक रहेगा।वहीं साल करवा चौथ की पूजा करने का शुभ मुहूर्त 1 नवंबर 2023 को, शाम 05 .36 से शाम 06 .54 तक है। इस तरह व्रती महिलाओं को पूजा के लिए 1 घंटे 18 मिनट का समय मिलेगा। साथियों बात अगर हम करवा चौथ के पूजा विधि की करें तो, करवा चौथ की विशेष पूजा रात में चंद्रमा निकलने के बाद की जाती है। करवा चौथ के दिन सुबह उठकर स्नान आदि करके साफ कपड़े पहनें और भगवान के सामने हाथ जोड़कर व्रत करने का संकल्प लें। इस मंत्र का जाप करें मम सुख सौभाग्य पुत्रादिह्व सुस्थिर श्री प्राप्तये कर्क चतुर्थी व्रतमहं करिष्ये।घर के मंदिर की दीवार पर गेरू से फलक बनाएं। फिर चावल को पीस लें और फलक पर करवा का डिजाइन बनाएं। इस अनुष्ठान को करवा धरना कहा जाता है।

# आमने .सामने ताल ठोंक रहे हैं इंडिया गठबंधन के घटक

लोकसभा चुनाव से पहले पांच राज्यों के विधान सभा चुनावों में इंडिया गठबंधन की फूट चौक चौराहों पर देखने को मिल रही है। विधानसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के घटकदल आमने.सामने ताल ठोंक रहे हैं। मोदी को पराजित करने का सपना विधान सभा चुनावों में टूटता नजर आने लगा है। मध्यप्रदेशए छत्तीसगढ़ए राजस्थानए मिजोरम और तेलंगाना राज्यों में विधानसभा चुनाव हैए ऐसे में विपक्षी दलों का गठबंधन मुश्किल है। इसके तहत कांग्रेस ने अलग रणनीति तैयार की है। कांग्रेस इनमें से किसी राज्य में सहयोगियों को समझौते और गठबंधन धर्म के आधार पर सीट देकर खुद को कमजोर नहीं करना चाहती। कांग्रेस हर सीट पर खुद चुनाव लड़कर सरकार बनाने की तैयारी में है। यही वजह है कि वो आपए सपा या लेफ्ट सहित अन्य दलों के लिए सीट छोड़ने को राजी नहीं है। सपा नेता अखिलेश यादव पहले ही कांग्रेस पर धोखा धड़ी का आरोप जड़ चुके है।

विधानसभा चुनावों में इंडिया गठबंधन की एकजुट तस्वीर सामने नहीं आ रहीए जैसे विपक्षी गठबंधन बनने के बाद आई थी। गठबंधन शुरू में जोर.शोर से मीटिंग करते हुए एकजुटता का प्रदर्शन कर रहे थे। बाद में विपक्षी खेमे में एक कॉर्डिनेशन कमिटी भी बनीए लेकिन इसकी पहली बैठक होने के बाद पिछले दो महीने से कोई गतिविधि नहीं हुई। इंडिया गठबंधन के घटक समाजवादी पार्टीए जेडी यू और आम आदमी पार्टी ने हिंदी पट्टी के राज्यों में बड़ी संख्या में बड़ी संख्या में अपने उम्मीदवार खड़े कर कांग्रेस के सामने बड़ी मुश्किल खड़ी कर दी है। वामपंथी पार्टियों ने भी अपने लिए सीट नहीं छोड़ने पर अलग से चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है। हालाँकि इन दलों का तीनों राज्यों में कोई विशेष असर नहीं है मगर इनके उम्मीदवार दो चार हजार वोट भी तोड़ते है तो उसका नुक्सान कांग्रेस को ही उठाना होगा। वहीं एनसीपी सुप्रीमो शरद



पवार ने स्वीकार किया है इंडिया गठबंधन के घटक दलों में राज्य में साथ चुनाव लड़ने को लेकर सहमति नहीं बन पाई है। दूसरी तरफ बिहारके सीएम नीतीश भी कांग्रेस के रवैये से खुश नहीं है। राजस्थान में एनडीए के घटक दल जेजेपी और शिवसेना शिंदे ने अपने उम्मीदवार खड़े करने की घोषणा की है। भाजपा ने हाल फिलहाल इनके लिए सीट छोड़ने के मूढ़ में नहीं है। इन चुनावों को लोकसभा चुनावों से पहले के सेमीफाइनल की संज्ञा दी जा रही है। देश में वर्तमान में 15 राज्यों में एनडीए और 11 में इंडिया गठबंधन की सरकारें है। एनडीए के पास मौजूदा लोकसभा में 350 से ज्यादा सांसद हैं जबकि विपक्षी पार्टियों में शामिल दलों के पास कुल 150 सांसद हैं। विपक्षी मोर्चे के 50 फीसदी से ज्यादा पार्टियों के लोकसभा में एक भी एमपी नहीं हैं। वहीं एनडीए में शामिल 65 फीसदी दलों के पास लोकसभा की एक भी सीट नहीं है। हिंदी पट्टी के राज्य यथा राजस्थानए मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में कांग्रेस का भाजपा से सीधा मुकाबला होगा। यहाँ इंडिया या एनडीए के दूसरे घटकों का कोई अस्तित्व नही है। वहीं कांग्रेस को प बंगालए केरलए यूपीए दिल्ली और पंजाब जैसे प्रदेशों में अपने ही घटक दलों की साथियों से टकराना होगा जिसका कोई सर्वमान्य हल निका लनाक बहुत मुश्किल है। देश की 64 राजनीतिक पार्टियों ने दोनों गठबंधनों में शिरकत की है। इनमें 26 पार्टियां इंडिया और 38 पार्टियों ने एनडीए के झड़े के नीचे आने का फैसला किया है। एक दर्जन से अधिक ऐसी पार्टिया भी है जो दोनों के साथ नहीं है। इनमें बीजू जनता दलए वाई एस आर कांग्रेस और बीआरएस जैसी पार्टिया है जो उड़ीसाए आंध्र और तेलंगाना में सत्ता में है। इन पार्टियों का असर 63 लोकसभा सीटों पर है। वहीं मायावती की बसपाए तेलगु देशमए ओवैसी की पार्टीए जनता दल ख्सेक्युलर, अकाली दल जैसी पार्टियां फिलहाल निर्गुट बनी हुई है।

**बाल मुकुन्द ओझा**
**वरिष्ठ लेखक एवं पत्रकार**
**डी 32ए मॉडल टाउनए मालवीय नगरए जयपुर**
**मोण. 9414441218**

# सुहागनों का सबसे खास पर्व करवा चौथ

वैश्विक स्तरपर यह सर्वविदित है कि भारत में आध्यात्मिकता प्राचीन कथाओं से जुड़े धार्मिक व्रत निर्जल व्रत धार्मिक अनुष्ठान सहित अनेको धार्मिक पाठ भागवत कथा जैसे अनेक धार्मिक अनुष्ठान अनेकों जाति धर्मप्रथाओं के धार्मिक स्थलों पर दैनिक, साप्ताहिक मासिक या वार्षिक स्तर पर होते हैं।मैं अनेकों धार्मिक स्थानो पर धार्मिक आस्था जुड़ी होने के कारण जाता हूं तो मुझे वहां पुरुषों की अपेक्षा महिला आध्यात्मिक श्रद्धालओ की संख्या अधिक देखने को मिलती है जिससे मैं इस निष्कर्ष पर पहुंचा हूं कि पुरुषों की अपेक्षा महिलाओं में आध्यात्मिकता और पौराणिक कथाओं से उत्प्रेरित व्रत के प्रति उनकी आस्था अधिक है। याने पुरुषों की अपेक्षा महिलाएं धार्मिक आधार से जुड़े अनेक व्रत रखती रखती है। परंतु सुहागन महिलाओं के लिए उनका सबसे बड़ा व्रत उनका खास पर्व करवा चौथ होता है क्योंकि इस व्रत से महिलाएं अपने सुखी वैवाहिक जीवन व अपने पति की लंबी आयु की कामना करती है। चूंकि करवा चौथ पर्व इस वर्ष 1 नवंबर 2023 को मनाया जा रहा है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे महिलाओं द्वारा सुखी वैवाहिक जीवन और पति की लंबी आयु की कामना के लिए निर्जला व्रत रखना करवा चौथ का मूल आधार है। बता दें, इस लेख में दी गई जानकारी/सामग्री/गणना की प्रामाणिकता या विश्वसनीयता की गारंटी नहीं है। सूचना के विभिन्न माध्यमों/ज्योतिषियों/पंचांग/प्रवचनों/धार्मिक मान्यताओं/धर्मग्रंथों से संकलित करके यह सूचना प्रेषित की गई हैं। हमारा उद्देश्य सिर्फ सूचना पहुंचाना है, पाठक या उपयोगकर्ता इसे सिर्फ सूचना समझकर ही लें। इसके अतिरिक्त इसके किसी भी तरह से उपयोग की जिम्मेदारी स्वयं उपयोगकर्ता या पाठक की ही होगी।

साथियों बात अगर हम निर्जला व्रत करवा चौथ 1 नवंबर 2023 की करें तो, इस साल करवा चौथ का व्रत बुधवार 1 नवंबर 2023 को रखा जाएगा। इस दिन महिलाएं अखंड सौभाग्य की कामना करते हुए करवा चौथ का व्रत रखेंगी। करवा चौथ के दिन महिलाएं 16 श्रृंगार कर पूजा करती हैं। सूर्योदय से लेकर सूर्यास्त तक कठिन निर्जला व्रत रखती हैं।इस दिन महिलाएं रात को चंद्रोदय के बाद चंद्रमा को अर्घ्य देकर पति को छलनी से देखकर व्रत खोलती हैं। मान्यता है कि करवा चौथ के व्रत से वैवाहिक जीवन सुखमय होता है। एक माननीय शास्त्री ने बताया कि इस व्रत को अविवाहित लड़कियां भी रख सकती हैं और अच्छे पति कीएक्सकामना कर सकती हैं। इस दिन महिलाओं को पूर्ण श्रृंगार के बाद ही पूजन करना चाहिए। हिन्दू धर्म में महिलाओं को हर पूजन से पहले सम्पूर्ण श्रृंगार करने की बात कही गयी है। करवा चौथ के दिन विवाहित महिलाएं अपने पति की अच?छी सेहत और लंबी उम्र के लिए व्रत रखती हैं। चूंकि यह व्रत निर्जला रखा जाता है इसलिए इसे बहुत कठिन माना गया है। करवा चौथ का हिंदू धर्म में व?िशेष महत?व है। यह व्रत कार्तिक माह के कृ?ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को रखा जाता है। वैदिक पंचांग के अनुसार कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि 31 अक्टूबर दिन मंगलवार की रात 09बजकर 30 मिनट से प्रारंभ होगी और 1 नवंबर बुधवारको रात 09बजकर 19 मिनट पर खत्म होगी उदया तिथि और चतुर्थी के चंद्रोदय समय के अनुसार करवा चौथ व्रत 1 नवंबर 2023, बुधवार को रखना ही उचित होगा। इस साल व्रती महिलाओं को 13 घंटे 42 मिनट तक निर्जला व्रत रखना होगा क?योंकि व्रत सुबह 06 बजकर 33 मिनट पर सूर्योदय से शुरू होकर रात 08 बजकर 15 मिनट पर चंद्रोदय होने तक रहेगा।वहीं साल करवा चौथ की पूजा करने का शुभ मुहूर्त 1 नवंबर 2023 को, शाम 05 .36 से शाम 06 .54 तक है। इस तरह व्रती महिलाओं को पूजा के लिए 1 घंटे 18 मिनट का समय मिलेगा। साथियों बात अगर हम करवा चौथ के पूजा विधि की करें तो, करवा चौथ की विशेष पूजा रात में चंद्रमा निकलने के बाद की जाती है। करवा चौथ के दिन सुबह उठकर स्नान आदि करके साफ कपड़े पहनें और भगवान के सामने हाथ जोड़कर व्रत करने का संकल्प लें। इस मंत्र का जाप करें मम सुख सौभाग्य पुत्रादिह्व सुस्थिर श्री प्राप्तये कर्क चतुर्थी व्रतमहं करिष्ये।घर के मंदिर की दीवार पर गेरू से फलक बनाएं। फिर चावल को पीस लें और फलक पर करवा का डिजाइन बनाएं। इस अनुष्ठान को करवा धरना कहा जाता है। शाम के समय फलक के स्थान पर फर्श पर एक लकड़ी की चौकी पर माता पार्वती और शिव की तस्वीर रखें, जिसमें भगवान गणेश माता पार्वती की गोद में बैठे हों।अब पूजा की थाली सजाएं और थाली में दीपक, सिन्दूर, अक्षत, कुमकुम, रोली और चावल की मिठाई या सफेद मिठाई रखें। इसके बाद कोरे करवा में जल भरकर पूजा में रखें और माता पार्वती को श्रृंगार की सामग्री अर्पित करें। इसके बाद माता पार्वती, भगवान गणेश और शिव के साथ भगवान चंद्रमा की पूजा करें। फिर करवा चौथ की व्रत कथा सुनें। साथियों बात अगर हम करवा चौथ मनाने की मान्यता की करें तो, करवा चौथ के दिन महिलाएं सूर्योदय से पहले जागकर सरगी खाकर व्रत की शुरूआत करती हैं।उसके बाद महिलाएं पूरे दिन निर्जला व्रत रखती हैं। शाम को स्त्रियां दुल्हन की तरह 16 श्रृंगार कर तैयार होती हैं और पूजा करती है। उसके बाद शाम को छलनी से चांद देखकर और पति की आरती उतारकर अपना व्रत खोलती हैं। मान्यता है कि माता पार्वती ने शिव के लिए, द्रौपदी ने पांडवों के लिए करवा चौथ का व्रत किया था। करवा चौथ व्रत के प्रताप स्त्रियों को अखंड सौभाग्यवती रहने के वरदान मिलता है।करवा माता उनके सुहाग की सदा रक्षा करती हैं और वैवाहिक जीवन में खुशहाली आती है। माना जाता है कि करवा चौथ का व्रत रखने की परंपरा की शुरूआत महाभारत काल से हुई थी। सबसे पहले श्रीकृष्ण के कहने पर द्रौपदी ने पांडवों के प्राणों की रक्षा करने के लिए इस व्रत को किया था. मान्यताओं के अनुसार द्रौपदी के द्वारा रखे गए करवा चौथ व्रत की वजह से ही पांडवों के प्राणों पर कोई आंच नहीं आई थी।

# संघर्ष और आत्मनिर्भरता, अदम्य जिजीविषा की परिणति

श्रेष्ठ होने के प्रमुख अवयवह्व

"पराधीन सपने हूं सुख नाही"यह लोकोक्ति हर स्वाभिमानी आदमी और स्वतंत्रता प्रेमी व्यक्ति को याद रहती है। स्वावलंबन या आत्मनिर्भरता ही मनुष्य को स्वाधीन बढ़ने की प्रेरणा देती है। आत्मनिर्भरता की स्थिति में व्यक्ति अपनी इच्छाओं को अपनी सुविधा अनुसार पूरा कर सकता है, इसके लिए दूसरों की तरफ मुंह ताकने की जरूरत नहीं पड़ती है। आत्मनिर्भरता केवल मनुष्य के लिए व्यक्तिगत रूप से ही जरूरी नहीं है, बल्कि राष्ट्र के लिए भी अति आवश्यक है।एक स्वतंत्र राष्ट्र अपनी जनता को अपनी क्षमता के अनुसार सारी सुविधाएं तथा अन्य जीवन उपयोगी साधन उपलब्ध करा सकता है। भारत स्वतंत्रता के बाद हरित क्रांति सातवें दशक के प्रारंभ के बाद ही खाद्यान्न के मामले में आत्मनिर्भर बन सका, इसके साथ ही भारत में खुशहाली की स्वाभाविक तौर पर वृद्धि हुई, पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने भी कहा था कि "एक राष्ट्र की शक्ति उसकी आत्मनिर्भरता में है दूसरों से उधार लेकर काम चलाने में नहीं",पाकिस्तान की स्थिति बिल्कुल ऐसी ही है वह अभी तक स्वतंत्रता के बाद से 75 वर्ष के बाद भी संपूर्ण रूप से आत्मनिर्भर नहीं हो पाया है, वह कर्जे से डूब गया है और अपने देश में खर्चा चलाने के लिए पूरी दुनिया से उधार मांगते हुए घूम रहा है। पाकिस्तान आत्मनिर्भर नहीं होने का एवं उधार की जिंदगी जीने का एक बहुत बड़ा उदाहरण है। जबकि भारत देश विज्ञान, टेक्नोलॉजी, मेडिकल साइंस,इंजीनियरिंग और कृषि सेवा, खनिज,स्पेस रिसर्च में पूर्णता आत्मनिर्भर होकर विकसित देशों के बराबर खड़ा हुआ है। यह देशवासियों और देश के लिए अत्यंत गौरव का विषय है। आत्मनिर्भरता या स्वावलंबन किसी भी देश की प्रगति विकास तथा और उसके नागरिकों की जिंदगी की जिजीविषा है जिससे वह संघर्ष कर आगे बढ़ता है।

इतिहास गवाह है कि किसी भी महान लेखक को महान बनने तक निरंतर मेहनत कर किताबें लिखने का का श्रम करना पड़ा एवं आत्मनिर्भरता की स्थिति में विचार कर अपने विचारों को लिपिबद्ध करना पड़ा तब जाकर वह महानता की श्रेणी को प्राप्त कर सका। इसी तरह कोई छात्र अपने जीवन में सफलता प्राप्त करना चाहता है तो उसे स्वयं परीक्षा में शामिल होना पड़ेगा एवं परीक्षा में मनोवांछित सफलता प्राप्त कर उसे स्वयं अध्ययन करना होगा। इसी प्रकार जीवन के हर क्षेत्र में भी मनुष्य को आत्मनिर्भर होकर मेहनत कर दीक्षित सफलता प्राप्त करनी पड़ेगी।

हमारा देश भारत भी आजादी के बाद से आत्मनिर्भरता की ओर अग्रेषित हुआ आज स्थिति यह है कि वह विश्व में विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में आ खड़ा हुआ है। तमाम महापुरुषों के जीवन से भी हमें आत्मनिर्भरता तथा स्वावलंबन की शिक्षा मिलती रहती है।महात्मा गांधी अपना कार्य स्वयं किया करते थे। गोस्वामी तुलसीदास जी ने भी "दैव दैव आलसी" पुकारा है, तब जाकर उनकी जिंदगी पटरी पर आई और हमें परिश्रम कर आत्म निर्भर होने की शिक्षा प्रदान की थी। दूसरों पर निर्भरता हमें दूसरों का अनुसरण करने के लिए मजबूर करती है। दूसरों पर निर्भर होने से हमें के अनुरूप ही जीवन जीने के लिए बाध्य होना पड़ता है। पराधीनता हमारा आत्मविश्वास सृजनशीलता सोचने की शक्ति को नष्ट कर देती है।

# लौहपुरुष एवं भारत के बिस्मार्क थे सरदार पटेल

अदम्य उत्साह, असीम शक्ति एवं कर्मठता से नवजात भारत गणराज्य की प्रारम्भिक कठिनाइयों का समाधान कर विश्व के राजनीतिक मानचित्र पर एक अमिट आलेख लिखने वाले सरदार वल्लभभाई पटेल को भारत के लौह पुरुष के रूप में जाना जाता है। राष्ट्रीय आंदोलन से लेकर आजादी के बाद भी, सरदार पटेल का योगदान अविस्मरणीय है। महात्मा गांधी ने उन्हें सरदार की उपाधि दी थी। उनकी अखण्ड भारत को लेकर जितनी बड़ी कल्पनाएं थी, जितने बड़े सपने थे, उसी के अनुरूप लक्ष्य बनाये और उतने ही महत्वपूर्ण कार्य सफलतापूर्वक किये। इसलिये उन्हें भारत के बिस्मार्क के रूप में भी जाना जाता है। भारतीय स्वतंत्रता आन्दोलन एवं आजादी के बाद आधुनिक भारत को वैचारिक एवं क्रियात्मक रूप में एक नई दिशा देने, 562 रियासतों का एकीकरण कर संगठित राष्ट्र निर्मित करने के कारण पटेल ने राजनीतिक इतिहास में एक गौरवपूर्ण, ऐतिहासिक एवं स्वर्णिम स्थान प्राप्त किया। वास्तव में वे आधुनिक भारत के शिल्पी थे। भारत की माटी को प्रणम्य बनाने एवं कालखंड को अमरता प्रदान करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही।

सरदार पटेल के कठोर व्यक्तित्व में बिस्मार्क जैसी संगठन कुशलता, कौटिल्य जैसी राजनीति दूरदर्शिता तथा राष्ट्रीय एकता के प्रति अब्राहम लिंकन जैसी अटूट निष्ठा थी। राजनीतिक कारणों से इस लोकपुरुष को उतना गौरवपूर्ण स्थान नहीं मिला, जितना अपेक्षित था। लेकिन नरेन्द्र मोदी ने इस कमी को पूरा करते हुए इतिहास-पुरुष पटेल की जन्म दिवस प्रतिवर्ष देशभर के सरकारी-गैर सरकारी संस्थानों, विश्वविद्यालयों और स्कूलों में राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाये जाने की परम्परा का सूत्रपात किया। उनकी जयंती के मौके पर गुजरात के केवड़िया में उनकी 182 मीटर ऊंची मूर्ति ह्लस्टेच्यू ऑफ यूनिटीह्व राष्ट्र को समर्पित की गई है जोकि ह्लदेश की एकता में उनके योगदानह्व को इंगित करती है।

वास्तव में, सरदार पटेल होना आसान नहीं है। पटेल एक मजबूत, अडिग और दृढ़ संकल्पित व्यक्तित्व के धनी थे, भारत के देशभक्तों में एक अमूल्य रत्न थे एवं आधुनिक भारत के शक्ति स्तम्भ थे। आत्म-त्याग, अनवरत सेवा तथा दूसरों को दिव्य-शक्ति की चेतना देने वाला उनका जीवन सदैव प्रकाश-स्तम्भ की अमर ज्योतित रहेगा। वे मन, वचन तथा कर्म से एक सच्चे भारतीय एवं भारतीयता के प्रतीक पुरुष थे। वे वर्ण-भेद तथा वर्ग-भेद के कट्टर विरोधी थे। वे अन्तःकरण से निर्भीक थे। अद्भुत अनुशासन प्रियता, अपूर्व संगठन-शक्ति, शीघ्र निर्णय लेने की क्षमता एवं अनूठी प्रशासनिक क्षमता उनके



चरित्र के अनुकरणीय अलंकरण थे। कर्म उनके जीवन का साधन था। संघर्ष को वे जीवन की व्यस्तता समझते थे। गांधीजी के कुशल नेतृत्व में सरदार पटेल का स्वतन्त्रता आन्दोलन में योगदान उत्कृष्ट एवं महत्त्वपूर्ण रहा है।

सरदार पटेल का जन्म गुजरात के नडियाद (ननिहाल) में 31 अक्टूबर 1875 को हुआ। उनका पैतृक निवास स्थान गुजरात के खेड़ा के आनंद तालुका में करमसद गांव था। वे अपने पिता झवेरभाई पटेल तथा माता लाडबा देवी की चौथी संतान थे। उनका विवाह 16 साल की उम्र में झावेरबा पटेल से हुआ। उन्होंने नडियाद, बड़ौदा व अहमदाबाद से प्रारंभिक शिक्षा लेने के उपरांत इंग्लैंड मिडल टैंपल से लॉ की पढ़ाई पूरी की एवं 22 साल की उम्र में जिला अधिवक्ता की परीक्षा उत्तीर्ण कर बैरिस्टर बनें। वे कितने मेधावी थे इसका अनुमान इसी तथ्य से लगाया जा सकता है कि 1910 में वे पढ़ाई के लिए इंग्लैंड गए और लॉ का कोर्स उन्होंने आधे वक्त में ही पूरा कर लिया। वे भारत लौट आए और स्वतंत्रता संग्राम में अपना योगदान देने लगे। सरदार पटेल ने अपना महत्वपूर्ण योगदान 1917 में खेड़ा किसान सत्याग्रह, 1923 में नागपुर झंडा सत्याग्रह, 1924 में बोरसद सत्याग्रह के उपरांत 1928 में बारडोली सत्याग्रह में देकर अपनी राष्ट्रीय पहचान कायम की।

सरदार पटेल का व्यक्तित्व विवादास्पद रहा है। प्रायः उन्हें ह्यअसमझौतावादीह्ण, ह्यपूँजी समर्थकह्ण, ह्यमुस्लिम विरोधीह्ण, तथा ह्यवामपक्ष विरोधीह्ण कहा जाता है। पटेल की राजनीतिक भूमिका, योगदान तथा चिंतन का सही विश्लेषण किया जाना एवं उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को लेकर पैदा की गयी भ्रान्तियाँ दूर कर पक्षपातों तथा पूर्वाग्रहों से रहित वास्तविक तथ्यों को उजागर किये जाने के प्रयास अपेक्षित है। उनके राजनीतिक जीवन से सम्बन्धित उपेक्षित या छिपे हुए महत्त्वपूर्ण तथ्यों को सामने लाकर उसका आलोचनात्मक विश्लेषण किया जाये, ताकि भारत के स्वतंत्रता संग्राम एवं आधुनिक भारत के निर्माण के प्रारंभिक इतिहास का वास्तविक स्वरूप सामने आये। निःसंदेह सरदार पटेल द्वारा 562 रियासतों का एकीकरण विश्व इतिहास का एक आश्चर्य था। भारत की यह रक्तहीन क्रांति थी।

## आकाशवाणी एफएम केंद्र का एडीजी ने किया निरीक्षण




**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** स्थानीय मंडी समिति गेट के पास स्थित आकाशवाणी एफएम केंद्र कर्वी का अतिरिक्त महानिदेशक अभियांत्रिकी अतुल गुप्ता नई दिल्ली ने औचक निरीक्षण किया।

सोमवार को उन्होंने निरीक्षण कर सौ वाट के ट्रांसमीटर की साफ-सफाई एवं पावर, सहायक उपकरणों की स्थिति समेत पूरे परिसर की साफ-सफाई के निर्देश दिये। गेट के सामने खुले नाले को ढकवाने और शौचालय के पुनर्निर्माण को भवन स्वामी से कहने के आदेश दिये। यहां पर हो रही परेशानियों बाबत जानकारी ली। अचानक निरीक्षण से स्थानीय संविदा कर्मचारी रत्नेश कुमार, प्रियांशु घबरा गये। एडीजी निरीक्षण से संतुष्ट दिखे। उनके साथ सहायक अभियंता आरके गुप्ता व रेन्डर आकाशवाणी केंद्र बांदा सजल कुमार मौजूद रहे।

## सरधुवा पुलिस ने गांजा समेत एक दबोचा



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर मादक पदार्थों की तस्करी एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा दीपेन्द्र सिंह की अगुवाई में दरोगा सत्यमपति त्रिपाठी की टीम ने प्रदीप सिंह उर्फ बब्लू सिंह चैहान पुत्र स्व चन्द्रप्रकाश निवासी अर्की को पांच सौ ग्राम गांजा समेत दबोचा है। उसके खिलाफ थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। टीम में दरोगा सत्यमपति त्रिपाठी, दरोगा शिवमणि मिश्रा व सिपाही महेन्द्र कुमार शामिल रहे।

## एक से दस तक चलेगा टीकाकरण अभियान: सीएमओ

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी ने बताया कि टीकाकरण के तहत एक से दस नवम्बर तक टीकाकरण दिवस बुधवार एवं शनिवार को छोड़कर स्कूल बेस्ड डिप्थीरिया/टीडी वैक्सीनेशन अभियान चलाने का शासन से निर्देश हैं।

सोमवार को सीएमओ ने बताया कि जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में निर्देश मिले हैं कि अभियान दौरान पांच वर्ष, दस वर्ष एवं 16 वर्ष के बच्चों का डीपीटी एवं टीडी टीकाकरण होना है। सभी प्राइवेट एवं सरकारी स्कूलों तथा आंगनबाड़ी केन्द्रों के कक्षा एक से पांच एवं कक्षा दस के विद्यार्थी जिनका टीकाकरण नहीं हुआ। उनकी आयु अनुसार टीकाकरण होना है। जिले के सभी सरकारी एंव गैरसरकारी स्कूलों/विद्यालयो/मदरसो/आंगनबाड़ी केन्द्रो में छात्र-छात्राओं को चिन्हित कर ब्लॉकवार कार्य योजना के तहत टीकाकरण होगा। अभियान से पहले शिक्षक, अभिभावक संदेश प्रसारित कर टीकाकरण को सहमति लेंगे। टीकाकरण को लिखित असहमति जताने वाले अभिभावक के बच्चों को छोड़कर शेष बच्चों का टीकाकरण निर्धारित तिथियों में विद्यालयो में होना है। असहमति अभिभावकों के भी बच्चों के टीकाकरण को प्रेरित करना है। अभियान की सफल को जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक एंव जिला बेसिक शिक्षाधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी आईसीडीएस को निर्देश दिये हैं कि स्कूलवार प्रधानाचार्य को नोडल अधिकारी नामित कर स्वास्थ्य विभाग से तालमेल कर टीकाकरण अभियान को सफल बनाये। लाभार्थियों के वैक्सीनेशन कार्य एएनएम, आशा, आगनबाडी के सहयोग से करायें।

जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक दौरान सीएमओ समेत जिला स्तरीय सभी अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, नोडल अधिकारी आदि मौजूद रहे।

## पुलिस ने महुआ शराब समेत एक दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा दीपेन्द्र कुमार सिंह की अगुवाई में दरोगा राजेश कुमार राय की टीम ने रज्जन निषाद पुत्र खद्दू निषाद निवासी खोपा के कब्जे से दस लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। टीम में दरोगा राजेश कुमार राय व सिपाही अमित सिंह शामिल रहे।

## पत्नी को आत्महत्या को उकसाने पर पति को हुई सजा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सूबे के पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर जारी ऑपरेशन कन्विक्शन एवं मिशन शक्ति अभियान के तहत न्यायालय में लम्बित वादों में पैरवी कर अपराधियों को सजा दिलाने को पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निदेशों के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक मऊ राजेश कुमार द्विवेदी व पैरोकार आनन्द कुमार ने पत्नी को दहेज को प्रताडित करने व आत्महत्या को उकसाने के आरोपी को छह वर्ष की सजा व 12 हजार रुपये के जुमार्ना से दंडित कराया है।

सोमवार को मॉनिटरिंग सेल प्रभारी जयप्रकाश उपाध्याय की पैरवी एवं सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी गोपाल दास की प्रभावी बहस के चलते न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश/फास्ट ट्रैक संजय कुमार (अ) ने आरोपी संतोष उर्फ गुड्डू पुत्र रामनिहोरे निवासी टिकरा मऊ को छह वर्ष की सजा व 12 हजार रुपये के जुमार्ना से दंडित किया।

ज्ञात है कि राजापुर थाने के खोपा गांव के चन्द्रभान सिंह पुत्र गया सिंह ने 21 अप्रैल 2011 को थाने में लिखाई रिपोर्ट में कहा कि संतोष उर्फ गुड्डू ने दहेज को उसकी पुत्री को प्रताडित करता था। पुत्री घुट-घुटकर जीती रही। 20 अप्रैल को प्रताड़ना से तंग पुत्री ने जहरीला पदार्थ खा लिया। पुलिस ने उचित धाराओं में मामला दर्जकर संतोष उर्फ गुड्डू को जेल भेजा था। मामले की विवेचना तत्कालीन दरोगा रामप्रकाश गौतम ने की थी। 23 अगस्त 2011 को आरोपी के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था।

## जानलेवा हमले का वांछित दबोचा



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में कर्वी कोतवाल अजीत कुमार पण्डेय की अगुवाई में दरोगा राकेश मौर्य बलबा-मारपीट व जानलेवा हमले के वांछित अनिकेत श्रीवास पुत्र स्व विकास श्रीवास निवासी मछली मंडी को गिरफ्तार किया। टीम में दरोगा राकेश मौर्य, सिपाही जयनारायण पटेरिया व कुलदीप द्विवेदी शामिल रहे।

# फसल अवशेष न जलायें, कार्यवाही से बचें: राजकुमार

## अवशेष फसलों से बनायें खाद



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** उप निदेशक कृषि राजकुमार ने जिले के किसान भाइयों से कहा है कि मौजूदा समय में खरीफ फसल धान एवं अन्य फसलों की कटाई हो रही है। कटाई बाद खेत में पराली, डंठल व अन्य फसल अवशेष को किसी भी दशा में जलाये नहीं, बल्कि उसे गड्ढे में एकत्र कर कम्पोस्ट खाद बनायें।

सोमवार को कृषि उपनिदेशक राजकुमार ने कहा कि खेत में ही फसल अवशेष को सड़ाकर नवीन यंत्रों से जुताई कर बुवाई का कार्य करें, ताकि मिट्टी की उर्वरा शक्ति में बढ़ोत्तरी हो। किसान भाई धान की कटाई के समय कम्बाइन हार्वेस्टर मशीन में सुपर स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम अथवा फसल अवशेष प्रबन्धन के नये यंत्र सुपर सीटर, हैप्पी सीडर, पैडी स्ट्राचापर, सेडर, मल्चर, अब मास्टर, रोटरी स्लेशर, हाईड्रोलिक रिवसेबुल एमबी प्लाऊ, जीरों टिल सीड कम फर्टीड्रिल का प्रयोग खेत में करें, ताकि खेत की अवशेष फसल का सही प्रयोग एवं उर्वरा शक्ति में वृद्धि व मिट्टी में नमी बनी रहे।

उन्होंने राष्ट्रीय हरित अधिकरण आदेश अनुसार फसल अवशेष जलाना दंडनीय अपराध है। पर्यावरण विभाग के आदेश से अवशेष फसल जलाने पर क्षतिपूर्ति वसूली दो एकड़ से कम क्षेत्र के लिये ढाई हजार रुपये, दो से पांच एकड़ क्षेत्र के लिए पांच हजार रुपये और पांच एकड़ से अधिक क्षेत्र के लिए 15 हजार रुपये दंड निर्धारित है।

उन्होने बताया कि फसलों के अवशेषों को जलाने से मिट्टी से लाभदायक पोषक तत्व नष्ट हो जाते हैं। फसल अवशेषों को जलाने से मृदा ताप में वृद्धि होती है। इससे मृदा के भौतिक, रासायनिक एवं जैविक दशा पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। पादप अवशेषों में लाभदायक मित्र कीट जलकर मर जाते हैं। जिसके चलते वातावरण पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। वायु प्रदूषण से गम्भीर बीमारियां तथा धुन्ध से हादसे हो सकते हैं। पशुओं के चारे की व्यवस्था पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। फसल अवशेषों को जलाने से किसानों की नजदीकी फसलों और आबादी में आग लगने के आसार बने रहते हैं। उन्होंने किसान भाइयों से अनुरोध किया कि फसल अवशेष पराली किसी भी दशा में न जलाये, बल्कि विधि अनुसार फसल अवशेष का सदुपयोग कर प्रशासनिक कार्यवाही से बचें।

# पूर्व सांसद के संस्कारवान सुपुत्र की मृत्यु पर सभी दुखी

## डिप्टी सीएम बोले, दोषी पर होगी कार्यवाही - पूर्व सांसद को ढांढस बंधाने आवास पहुंचे केशव मौर्य



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** बांदा-चित्रकूट के 2014 में भाजपा से सांसद चुने गये भैरों प्रसाद मिश्र के संस्कारवान सुपुत्र प्रकाश मिश्रा उर्फ बबलू की आकस्मिक मृत्यु पर सभी लोगों ने गहरा दुख जताया है। सूबे के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य व बांदा के सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी आदि ने पूर्व सांसद के आवास पहुंचकर शोक संवेदना जताई।

सोमवार को डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, बांदा विधायक प्रकाश द्विवेदी व भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी आदि भाजपाइयों समेत पूर्व सांसद/वरिष्ठ भाजपा नेता भैंरो प्रसाद मिश्र के आवास पहुंचे। पूर्व सांसद को उनके ज्येष्ठ पुत्र प्रकाश मिश्र उर्फ बबलू भइया के निधन पर शोक जताया। पीजीआई लखनऊ में इलाज में लापरवाही के सवाल पर असहज नजर आ रहे डिप्टी सीएम ने कहा कि मामले की जांच जारी है। किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। ज्ञात है कि शनिवार की रात पीजीआई में पूर्व सांसद के बेटे प्रकाश की मृत्यु हो गई थी। प्रकाश को गुर्दे की बीमारी थी, उनका लगातार इलाज पीजीआई में चल रहा था। पूर्व सांसद के बेटे को अस्पताल में तैनात डॉक्टरों ने भर्ती करने में हीलाहवाली की, जिससे उनकी मृत्यु हो गई। मामले ने तूल पकड़ा तो संस्थान निदेशक डा आरके धीमान ने तीन सदस्यीय जांच समिति गठित कर दी। जो 24 घंटे में रिपोर्ट शासन को देगी। बताया गया कि पूर्व सांसद ने डिप्टी सीएम बृजेश पाठक को अस्पताल में लापरवाही बरतने व पुत्र को भर्ती करने में हीलाहवाली की जानकारी दी थी। पाठक ने भी अस्पताल प्रशासन को इस बाबत निर्देश दिये थे। सोमवार को सवेरे डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने पूर्व सांसद के आवास पर उन्हें ढांढस बंधाया। पत्रकारों के सवालों पर डिप्टी सीएम असहज नजर आए। पूर्व सांसद के बेटे को भर्ती करने में हीलाहवाली करने व आम आदमी के साथ क्या होता होगा। इस पर सीधा जवाब देने से बचते हुए कहा कि मामले की जांच कराई जा रही है, दोषी पर कार्रवाई होगी। ये दुखद घटना है, वे शोक जाहिर करने आये हैं। बताया गया कि दोषी डॉक्टर को शासन ने घर बैठने का आदेश दे दिया है।

# नारी कल्याण बना भाजपा सरकार की पहचान: प्रतिभा

## नारी शक्ति वन्दन सम्मेलन सम्पन्न



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** नारी शक्ति वंदन सम्मेलन कर्वी विधानसभा व मानिकपुर विधानसभा में हुआ। सम्मेलनों में बतौर मुख्य अतिथि सूबे की राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला, विशिष्ट अतिथि जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी रहे।

सोमवार को सम्मेलन की अध्यक्षता श्रीमती प्रमिला मिश्रा व मानिकपुर विधानसभा में श्रीमती दिव्या त्रिपाठी ने की। श्रीमती अंजू वर्मा, श्रीमती राजेश्वरी द्विवेदी, श्रीमती मनोरमा जैन, श्रीमती विनीता द्विवेदी, श्रीमती अनीता सिंह, श्रीमती राखी चैबे, श्रीमती अर्चना सिंह की मौजूदगी में सम्मेलन में प्रतिभा ने कहा कि भाजपा की कथनी करनी में अंतर नहीं है। नारी कल्याण भाजपा सरकारों की पहचान बन गया है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित करवाकर मोदी सरकार ने ऐतिहासिक निर्णय लिया है। नारी शक्ति वंदन सम्मेलन में घर-घर से मातृशक्ति की सहभागिता हुई है। भाजपा की डबल इंजन सरकार ने सामाजिक न्याय किया है। नारी शक्ति को न्यायोचित सम्मान व स्थान भाजपा की डबल इंजन सरकार दे रही है।

जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने कहा कि मोदी ने मातृशक्ति के सम्मान मे दिन दूनी रात चैगुनी बढोत्तरी की है। घर की मुखिया मोदी की नीतिगत उपाय से बनी है। पीएम आवास, उज्जवला योजना, घर-घर इज्जत घर नारी शक्ति के प्रति मोदी के सम्मान का भाव है। पंचायत से पार्लियामेंट तक नारी शक्ति को 33 फीसदी सहभागिता मोदी ने देकर नारी शक्ति को सम्मानित किया है।

सम्मेलनों में आलोक पाण्डेय, अश्विनी अवस्थी, तीरथ तिवारी, अन्जू वर्मा, अनीता सिह, राखी चैबे, विनीता द्विवेदी, गीता तिवारी, मनोरमा जैन, भागवत त्रिपाठी, अखिलेश रैकवार, राघव, रवि गुप्त, रेखा गुप्ता, सरस्वती, समेत शिक्षिक, सामाजिक कार्यकर्ता, स्वयं सहायता समूह से जुडी महिलायें व महिला मोर्चा की कार्यकर्ता शामिल रहीं।

# नई पीढी पुरातन छात्रों से प्रेरणा लें, आगे बढें




**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** चित्रकूट इंटर कॉलेज कर्वी में पुरातन छात्र सम्मेलन पूर्व अध्यक्ष छेदी सिंह तोमर की अध्यक्षता में हुआ। बतौर मुख्य अतिथि अतर्रा डिग्री कॉलेज के सेवानिवृत्ति प्रो डॉ राममूर्ति पांडेय, विशिष्ट अतिथि राजकीय इंटर कालेज के कैलाशचंद शुक्ला, उदित नारायण गर्ग, जुगल किशोर द्विवेदी, आलोक द्विवेदी, विमल अग्रवाल, डिप्टी जेलर निवेदिता, शिक्षिका माधवी पांडेय, काशी प्रसाद यादव, देवेश मिश्रा आदि मौजूद रहे।

सोमवार को पुरातन छात्रों ने कॉलेज के गौरव एवं इतिहास को दोहराया। अनुभव साझा किये। कहा कि ये विद्यालय शिक्षा क्षेत्र में पूरे प्रदेश में हमेशा आगे रहा है। यहां के पढे छात्र-छात्राएं देश-दुनिया में योग्यता का परचम फहरा रहे हैं। मुख्य अतिथि राममूर्ति पांडेय ने कहा कि विद्वान हर जगह पूजे जाते हैं। छात्र-छात्राएं देश-विदेश में बड़े-बड़े पदों पर इस कॉलेज का गौरव बढ़ा रहे हैं। प्रधानाचार्य डॉ रणवीर सिंह चैहान ने अतिथियों पुरातन छात्रों का स्वागत किया। शिक्षकों ने पुरातन छात्र-छात्राओं को माल्यार्पण कर अभिनंदन किया। पुरातन छात्र-छात्रायें गदगद रहे। संयोजक प्रधानाचार्य डॉ रणवीर सिंह चैहान ने सभी पुरातन छात्रों का आभार जताया। शासन की मंशानुसार ये कार्यक्रम पूरे प्रदेश में हो रहे हैं, ताकि नई पीढ़ी को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिल सके। संचालन विजय कुमार पांडेय ने किया। पुरातन छात्र सर्वजीत सिंह, विनोद सिंह, शंकर यादव, शक्ति प्रताप सिंह, रामबचन सिंह, फूलचंद चंद्रवंशी, मोनू यादव एड, सहसंयोजक राज्य विज्ञान पुरस्कार प्राप्त रसायन विज्ञान प्रवक्ता राजेश्वर प्रसाद नामदेव, विवेक श्रीवास्तव, दिनेश मिश्रा, सेतुबंधु शुक्ला, लालमन, धीरेन्द्र सिंह, सतीश कुमार रैकवार, वीरेंद्र शुक्ला, विवेक तिवारी आदि मौजूद रहे।

## डिप्टी सीएम का एयरपोर्ट पर किया स्वागत



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सूबे के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य का देवांगना एयरपोर्ट पर जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द, पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला, राज्यमंत्री जल शक्ति विभाग रामकेश निषाद, भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, बांदा सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी, अध्यक्ष जिला पंचायत अशोक जाटव, अध्यक्ष डिस्टिक्ट कोऑपरेटिव बैंक पंकज अग्रवाल, पूर्व सांसद रमेशचंद्र द्विवेदी, भाजपा महामंत्री आलोक पांडेय, सांसद प्रतिनिधि शक्ति प्रताप सिंह तोमर, ब्लॉक प्रमुख पहाड़ी सुशील द्विवेदी, रामनगर गंगाधर मिश्रा, मानिकपुर अरविंद मिश्रा, अध्यक्ष नगर पंचायत राजपुर संजीव मिश्रा, भाजपा नेता सुनील सिंह पटेल, आनंद त्रिपाठी, भागवत प्रसाद, देव त्रिपाठी, राजकुमार त्रिपाठी, हरिओम करवरिया समेत अन्य जनप्रतिनिधि एवं अपर जिलाधिकारी नमामिगंगे सुनंदू सुधाकरण, जिला विकास अधिकारी आरके त्रिपाठी, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, डीसी एनआरएलएम ओम प्रकाश, पुलिस क्षेत्राधिकारी राजापुर निष्ठा उपाध्याय समेत अन्य अधिकारियों ने डिप्टी सीएम को पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत किया। हवाई पट्टी में डिप्टी सीएम को गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया।

सोमवार को डिप्टी सीएम समेत जनप्रतिनिधियों ने पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र के पुत्र प्रकाश मिश्र के आकस्मिक निधन पर आवास जाकर शोक संवेदना जताई।

## स्थानीय बोलियों को मिलेगा बढावा



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** परिषदीय विद्यालयों में बुनियादी शिक्षा को मजबूत करने को ग्रामीण बोली में पढ़ाई होगी। बच्चे आसानी से विषयों को पढ़-समझ सकेंगे। शिक्षक व विद्यार्थियों में तालमेल से जुड़ाव को बढ़ावा देने को एससीईआरटी के निर्देश पर राज्य हिंदी संस्थान वाराणसी की ओर से राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लेकर स्थानीय एवं ग्रामीण बोलियों की समझ विकसित करने की गरज से पढाई होगी।

सोमवार को बताया कि स्थानीय एवं ग्रामीण बोलियों के परिचय स्वरूप पुस्तिका विकास संबंधी दस दिवसीय कार्यशाला हुई। प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में खड़ी बोली, बुंदेली, अवधी, भोजपुरी, ब्रज, कन्नौजी एवं बघेली बोली पर कार्यशाला में विस्तार से चर्चा कर बोलियों को बढ़ावा देने का निर्णय लिया। हिंदी संस्थान निदेशक डॉ रिचा जोशी, कार्यशाला प्रभारी डॉ गायत्री की अगुवाई में हुई। कार्यशाला में बुंदेली का प्रतिनिधित्व चित्रकूट प्राथमिक विद्यालय मछरिहा की शिक्षक कविता सिंह एवं महोबा के शिक्षक कृष्ण मोहन नायक ने किया।

## विधायक ने उठाये सवाल: मंत्री ने कहा, अवैध अतिक्रमण पर नहीं मिलेगा मुआवजा



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** समाजवादी पार्टी के कर्वी विधायक अनिल प्रधान के विधानसभा क्षेत्र के परिक्रमा मार्ग खोही में अतिक्रमण में ढहाये घरों को मुआवजा देने बाबत सूबे के वित्त एवं संसदीय कार्य विभाग के मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने उन्हें जवाब में भेजे पत्र में कहा है कि अवैध अतिक्रमण को राजस्व एवं वन विभाग ने विधिक कार्यवाही कर हटाया है। ऐसे में मुआवजा का सवाल नहीं उठता है।

सोमवार को सदर विधायक अनिल प्रधान को भेजे पत्र में सूबे के वित्त एवं संसदीय कार्य विभाग के मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा है कि इस मामले में पुलिस अधीक्षक ने बताया है कि जिले के परिक्रमा मार्ग एवं रामघाट किनारे गांव सभा व पंचायत विभाग की भूमि पर अवैध अतिक्रमण को राजस्व एवं वन विभाग ने विधिक प्रक्रिया के तहत हटाया है। किसी भी मामले में न्यायालय के आदेश की अवहेलना नहीं हुई। नियमानुसार विधिपूर्ण कार्यवाही हुई है। ये भी कहा है कि सहमति से अवैध अतिक्रमण हटवाया है। कुछ लोगों को मुआवजा दिया जा चुका है। कुछ लोगों को मुआवजा देने की प्रक्रिया चल रही है। जिनके अवैध अतिक्रमण हैं, उन्हें नियमतः मुआवजा नहीं दिया जा सकता है। कार्यालय क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी ने कहा है कि पर्यटन विभाग ने कामदगिरि परिक्रमा मार्ग के चैडीकरण बाबत काश्तकारों से समझौते से भूमि क्रय कर मुआवजा देते हुए किया है। 138.95 लाख का भुगतान कर रजिस्ट्री कराई है। रामघाट प्रवेश मार्ग के मध्य स्थित सम्पत्ति भी समझौते से गिरायी गई है, 3495 लाख रुपये मुआवजा देकर रजिस्ट्री कराई जा रही है। रामघाट चैड़ीकरण कार्य को अवैध अतिक्रमण हटाया गया। भू-अभिलेख पेश करने वाले काश्तकारों को भी मुआवजा देने की कार्यवाही जारी है। वन विभाग व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने कामदगिरि परिक्रमा मार्ग खोही में वन विभाग एवं गांव सभा की भूमि पर मिले अवैध अतिक्रमण को नियमानुसार हटाया है। वन विभाग एवं गांव सभा की भूमि से हटाये अवैध अतिक्रमणकारियों को नियमानुसार कोई मुआवजा देय नहीं है।

## पाइप लगे दो ट्रक, छह चोर तमंचा समेत गिरफ्तार, एसपी के निर्देश पर दबोचे चोर

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय की देखरेख में थानाध्यक्ष भरतकूप सूबेदार बिन्द की अगुवाई में पुलिस ने जल जीवन मिशन के पाइप चोरी के छल लोगों को दो ट्रकों में लदे 78 पाइपों समेत दो तमंचे समेत गिरफ्तार किया है।

सोमवार भरतकूप थाने के वरिष्ठ दरोगा यदुवीर सिंह की टीम ने रसिन तिराहा सुदिनपुर से अक्षय सिंह पुत्र विनोद सिंह निवासी गम्भीरपुर कछार थाना बिठूर जिला कानपुर नगर, रंजीत जमादार पुत्र बाबू निवासी छिरका भवानी थाना मौदहा जिला हमीरपुर, बच्चा कुशवाहा पुत्र शिवप्रसाद निवासी पथरौड़ी, शिवकरन पुत्र मइयादीन निवासी पथरौड़ी, शिवनाथ पटेल पुत्र कल्लूराम निवासी स्टेशन रोड शिवरामपुर व भरत सिंह पुत्र सुरेन्द्र सिंह निवासी चकलागुरू बाबा शिवरामपुर को दबोचकर सात फोन, 19 सौ रुपए, दो ट्रक नम्बर यूपी/78बीटी-1945 व व यूपी/96टी-7257 पर लदे 78 पाइप लोहे समेत गिरफ्तार किया है।

# हैलोवीन पार्टी के दौरान हुई गोलीबारी में दो लोगों की मौत, 16 अन्य घायल; एक गिरफ्तार



**फ्लोरिडा**

फ्लोरिडा के टाम्पा शहर में पुलिस ने दो लोगों की हत्या करने के संदेह में एक शख्स को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बताया कि रविवार को हैलोवीन मनाने के दौरान इस शख्स ने बार और क्लबों के आसपास अराजकता फैला दी थी। पुलिस ने बताया कि उस दौरान सोलह लोग घायल हो गए, जिसमें से एक व्यक्ति को गोली भी लग गई।

**दो लोगों को लगी गोली**

पुलिस ने कहा कि 22 वर्षीय टायरेल स्टीफन फिलिप्स पर यबोर के टाम्पा में दो समूहों के बीच सुबह-सुबह हुई झड़प के बाद 14 वर्षीय लड़के और 20 वर्षीय व्यक्ति की गोली लगने से हुई मौत के मामले में हत्या का आरोप लगाया गया था। दरअसल, हेलोवीन-थीम पार्टी खत्म होने के बाद अचानक लोग सड़क पर इकट्ठा हो गए और गोलियों की आवाज सुनकर छिपने की कोशिश करने लगे।

**सोशल मीडिया पर सामने आया वीडियो**

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर वीडियो सामने आया है। इसमें लोगों में अफरातफरी मची हुई थी और लोग अंधेरे में भाग रहे थे और वहां लगभग 12-13 गोलियां भी चलाई गईं। कुछ फुटेज में, पुलिस अधिकारी खून में लथपथ लोगों की मदद करने के लिए भागते हुए नजर आ रहे हैं।


**संदिग्ध को किया गया गिरफ्तार**

पुलिस ने एक बयान में कहा कि दो लोगों की मौत हो गई और 16 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनमें से 15 लोगों को गोली लगी है। पुलिस ने कहा कि घायलों में 18 से 27 वर्ष के बीच के लोग हैं, जिनका इलाज किया जा रहा है। टाम्पा पुलिस प्रमुख ली बर्कां ने कहा कि वहां मौजूद कुछ लोगों की मदद से संदिग्ध बंदूकधारी की पहचान कर ली गई है और उसको गिरफ्तार भी कर लिया गया है।

**आरोपी से पूछताछ जारी**

हालांकि, अब तक इस बात का पता नहीं लग सका है कि इस घटना को कितने लोगों ने अंजाम दिया है। आरोपी से पूछताछ किए जाने के बाद कई सवालों के जवाब तलाशने की कोशिश की जाएगी। पुलिस अपने आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

# ओमान में शूरा सदस्यों के चयन को पहली बार हुई इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग



**मस्कट**

ओमान सल्तनत में 7.53 लाख मतदाताओं ने रविवार को मजलिस ए शूरा के 10वें कार्यकाल के लिए सदस्यों के चुनाव के लिए पहली बार इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग किया। पुरानी मतपेटी मतदान प्रक्रिया को छोड़कर ओमान सल्तनत ने शूरा परिषद के 10वें कार्यकाल की सदस्यता के लिए अपने प्रतिनिधियों का चुनाव करने में समय बचाने के साथ-साथ अपने नागरिकों को बेहतर सुविधा प्रदान करने के लिए नई पूर्ण इलेक्ट्रानिक पहल को अपनाया।

**29 अक्टूबर को हुआ मतदान**

मतदान प्रक्रिया उच्च स्तरीय इलेक्ट्रानिक तकनीक का उपयोग कर रविवार (29 अक्टूबर) सुबह आठ बजे शुरू होकर शाम सात बजे समाप्त हुई। ओमान के आंतरिक मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, चुनावी रजिस्टर में नामांकित 7.53 लाख मतदाताओं ने शूरा परिषद के सदस्यों को चुनने के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

13843 मतदाताओं ने ओमान सल्तनत के बाहर से किया मतदान कुल मतदाताओं में 3.90 लाख पुरुष मतदाता (51.86 प्रतिशत) और 3.62 लाख महिला मतदाता (48.14 प्रतिशत) शामिल हैं। वहीं, 9,230 पुरुष और 4,613 महिलाओं समेत कुल 13,843 मतदाताओं ने ओमान सल्तनत के बाहर से मतदान किया।

**इलेक्ट्रॉनिक एप का प्रयोग कर रहे मतदाता**

ओमान में मतदाता इस बार चुनाव के दौरान इंताखिब (चुनाव) इलेक्ट्रॉनिक एप का प्रयोग कर रहे हैं।

इसमें 7.53 लाख मतदाता पंजीकृत हैं और इनमें से 13,843 मतदाता पहले ही विदेश से मत डाल चुके हैं।

## विदेश डायरी

### सैन फ्रांसिस्को शिखर सम्मेलन का रास्ता नहीं आसान', बाइडन और चिनफिंग की बैठक पर बोले चीनी विदेश मंत्री



**बीजिंग**

चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के बीच होने वाली बैठक को लेकर चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने बयान दिया है। उन्होंने बैठक का जिक्र करते हुए कहा कि सैन फ्रांसिस्को शिखर सम्मेलन का रास्ता आसान नहीं होगा।

**बाइडन से मिले थे चीन के विदेश मंत्री**

दरअसल, चीन के विदेश मंत्री वांग ने वॉशिंगटन में बाइडन और उनके शीर्ष सहयोगियों से मुलाकात की थी। इस दौरान उन्होंने एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग मंच शिखर सम्मेलन से अलग संभावित द्विपक्षीय बैठक की दिशा में काम करने पर सहमति जताई थी।

**चीन-अमेरिका के रिश्तों में आई कड़वाहट**

समाचार एजेंसी रायटर के अनुसार, बीते कुछ समय चीन और अमेरिका के रिश्तों में खटास देखने को मिली थी। अमेरिका ने चीन के जासूसी गुब्बारे को मार गिराया था। इसके बाद दोनों देशों के रिश्तों में कड़वाहट बड़ी थी। हालांकि, अब अमेरिका चीन के साथ अपने बिगड़ते संबंधों को सुधारने में लगा है।

**'सैन फ्रांसिस्को शिखर सम्मेलन का रास्ता आसान नहीं होगा'**

मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में कहा कि चीन के विदेश मंत्री वांग ने चेतावनी दी कि सैन फ्रांसिस्को शिखर सम्मेलन का रास्ता आसान नहीं होगा और यह यात्रा एकतरफा नहीं होगी। मंत्रालय ने बताया कि उन्होंने वॉशिंगटन में अमेरिकी रणनीतिक समुदाय के सदस्यों के साथ चर्चा के बाद ये टिप्पणी की है।

**इंडोनेशिया जी-20 समिट के दौरान हुई थी बैठक**

पिछले महीने चीन की शीर्ष सुरक्षा एजेंसी ने सैन फ्रांसिस्को में शी चिनफिंग और जो बाइडन के बीच बैठक अमेरिका द्वारा पर्याप्त ईमानदारी दिखाने पर निर्भर करेगी।

वांग ने कहा कि चीन और अमेरिका को बाली में अंतिम बार हुई बैठक पर लौटने की जरूरत है। पिछले साल नवंबर में इंडोनेशिया में आयोजित किए गए जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान दोनों नेताओं के बीच बैठक हुई थी।

### पहली बार अंतरिक्ष में चूहे का भ्रूण विकसित करने में मिली सफलता, जापान के वैज्ञानिकों ने किया शोध

**टोक्यो**

जापान शोधकर्ताओं ने पहली बार अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर चूहे का भ्रूण विकसित करने में सफलता पाई है। यामानाशी विश्वविद्यालय की टीम ने लैब में चूहे के निषेचित अंडे को ब्लास्टोसिस्ट में सफलतापूर्वक विकसित किया।

**जर्नल आइसाइंस में प्रकाशित हुआ शोध**

ब्लास्टोसिस्ट को उस चरण के रूप में समझ सकते हैं, जहां कोशिकाएं पहली बार इनर सेल मास सेल्स में विभेदित होती हैं और भ्रूण बन जाती हैं। साथ ही बाद में प्लेसेंटा बन जाती हैं।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

# इतनी जल्दी खत्म नहीं होगी ये जंग, हमास के खिलाफ इजरायल का मास्टर प्लान तैयार



**यरुशलम**

**इजरायल** हमास युद्ध का आज 24वां दिन है। दोनों पक्षों से लगातार हमले किए जा रहे हैं। इस युद्ध में अब तक 9500 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। गाजा में मरने वालों की संख्या 8000 पार कर चुकी है। वहीं, 1400 से ज्यादा इजरायली नागरिकों की भी मौत हो चुकी है।

**गाजा में आईडीएफ की बढ़ रही मौजूदगी**

गाजा में इरजरायली सैनिकों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों को सकुशल इजरायल लेने की कोशिश में भी इजरायली सैनिक जुटे हुए हैं। इजरायल डिफेंस फोर्स ने अपने हैंडल पर लिखा, "आईडीएफ का एक ही लक्ष्य है- जीत और हमास का खात्मा। हमास के खिलाफ जनरल स्टाफ के प्रमुख एलटीजी हर्जी हलेवी लगातार आईडीएफ आर्टिलरी कोर के सैनिकों को मजबूत कर रहे हैं।" वहीं,इजरायल डिफेंस फोर्स ने जानकारी दी कि उसने सीरिया में एक सीरियाई क्षेत्र में सैन्य बुनियादी ढांचे पर हमला किया। इजरायली डिफेंस फोर्स का कहना है कि सीरिया की ओर से किए गए हमले की यह जवाबी कार्रवाई है।

**लंबी जंग के लिए तैयार इजरायल**

यह युद्ध और भी कई दिनों तक चल सकती है, जिसकी तैयारी में इजरायल पूरी तरह जुट चुका है। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कुछ दिनों पहले कहा था,"गाजा की जंग लंबी और यह मुश्किलों से भरी होगी, लेकिन हम इसके लिए तैयार हैं। यह हमारी आजादी की दूसरी जंग है। हम अपनी सरजमीं के लिए लड़ रहे हैं। थल,वायु और जमीन के जरिए हमारे सैनिक हमास के खिलाफ जंग लड़ने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।" बता दें कि फिलहाल पीएम नेतन्याहू ने कहा कि युद्ध के दूसरे चरण की शुरूआत हो चुकी है।

**दुनिया से मदद की गुहार लगा रहा हमास**

इजरायली सैनिकों के हमले से हमास की कमर टूट चुकी है। आतंकी संगठन के एक सीनियर अधिकारी ने दूसरे देशों से युद्ध लड़ने के लिए मदद की गुहार लगाई है। हमास पोलित ब्यूरो के सदस्य मूसा अबू मरजौक ने एक बयान में कहा, "मिस्त्र को दर्शक नहीं बने रहना चाहिए। हमें उम्मीद है कि मिस्त्र जल्द से जल्द गाजा में मदद पहुंचाने के साथ-साथ अपना निर्णायक रुख इख्तियार करेगा।" बता दें कि रविवार को खाने-पीने की चीजों से भरे तीन दर्जन ट्रक गाजा में दाखिल हुए। हालांकि, यह राहत सामग्री गाजा में फंसे लोगों के लिए काफी कम है।

**गाजा में पानी के लिए तरस रहे लोग**

इस समय गाजा में हजारों लोग गंभीर रूप से घायल हैं, जिन्हें इलाज की सख्त जरूरत है। बिजली, पानी, ईंधन, दवा और खानपान की चीजों से जूझ रहे गाजा में लोग दुनिया से मदद की गुहार लगा रहे हैं।

## विरोध को अनसुना कर गाजा को रौंद रहा इजरायल, पीएम नेतन्याहू बोले- हमारा लक्ष्य हमास को खत्म करना है



**यरुशलम**

**विश्व भर** में हो रहे विरोध प्रदर्शनों और संघर्षविराम की मांग को अनसुना करते हुए गाजा पट्टी में इजरायल की सैन्य कार्रवाई का दायरा और तीव्रता बढ़ती जा रही है। शनिवार रात युद्ध के दूसरे चरण का एलान करते हुए इजरायली सेना ने गाजा में पूरी रात बड़े जमीनी और हवाई हमले किए। इन हमलों में हमास के 450 ठिकानों को निशाना बनाने का दावा किया गया है। इन ठिकानों में बड़ी संख्या में भूमिगत ठिकाने-सुरंगें हैं।

**मरने वालों की संख्या आठ हजार के पार**

युद्ध के 23 वें दिन गाजा में मरने वालों की संख्या आठ हजार का आंकड़ा पार कर गई, जबकि 20 हजार लोग घायल हुए हैं। मृतकों और घायलों में बड़ी संख्या बच्चों और महिलाओं की है।

**इजरायल पर रॉकेट से हमला कर रहा हमास**

हमास के लड़ाकों ने गाजा पट्टी में घुसे दो इजरायली टैंकों को बर्बाद करने का दावा किया है। हमास भी इजरायल की राजधानी तेल अवीव और देश के मध्य भाग पर लगातार रॉकेट हमले कर रहा है, लेकिन इजरायली एयर डिफेंस सिस्टम ज्यादातर हमलों को नाकाम कर रहे हैं।

**हिजबुल्ला के दागे रॉकेट इमारत से टकराए**

हिजबुल्ला के दागे दो रॉकेट लेबनान सीमा के निकट बसे किरयात शमोना शहर की दो इमारतों से टकराए हैं। इससे दोनों इमारतों को नुकसान हुआ है। वहां पर किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं मिली है। हिजबुल्ला ने एक इजरायली ड्रोन को भी मार गिराने का दावा किया है। लेबनान से लगने वाली सीमा पर इजरायली सेना और हिजबुल्ला के बीच लड़ाई जारी है।

**'हम अपनी कार्रवाई का दायरा बढ़ाते जा रहे हैं'**

इजरायली सेनाओं के प्रवक्ता रियर एडमिरल डेनियल हगारी ने बताया है कि हम अपनी कार्रवाई का दायरा बढ़ाते जा रहे हैं। हम अपने देश की सुरक्षा के लिए धरती, आकाश और समुद्र के जरिये हर जरूरी कार्रवाई करेंगे। हम निश्चित रूप से युद्ध के उद्देश्यों को प्राप्त करेंगे। फलस्तीनियों के लिए स्वास्थ्य सेवाएं संचालित करने वाली संस्था रेड क्रीसेंट से इजरायली सेना ने गाजा के अल-कुद्स अस्पताल को तत्काल खाली करने के लिए कहा है। अस्पताल से 50 मीटर दूर कार्रवाई करने के बाद सेना ने यह आदेश दिया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने मरीजों के स्थानांतरण को गंभीर चिंता वाला मामला बताया है।

## चुनावी हस्तक्षेप मामले में डॉनल्ड ट्रंप के विरुद्ध फिर प्रतिबंधात्मक आदेश

### कोर्ट ने अभियोजकों व गवाहों को निशाना न बनाने का दिया निर्देश



**वाशिंगटन**

अमेरिका के 2020 के राष्ट्रपति चुनाव परिणाम को बदलने की कोशिश मामले में संघीय अदालत ने डोनाल्ड ट्रंप के विरुद्ध फिर से सीमित प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप को मामले में सार्वजनिक टिप्पणी न करने व अभियोजकों, कोर्ट स्टाफ और प्रमुख गवाहों को निशाना न बनाने का आदेश दिया है। यह आदेश रविवार रात को आनलाइन जारी किया गया, लेकिन विस्तार से तुरंत जानकारी नहीं दी गई।

**अमेरिकी डिस्ट्रिक्ट जज तान्या छुटकन कर रही हैं सुनवाई**

2020 के राष्ट्रपति चुनाव परिणाम को बदलने की साजिश करने के मामले की सुनवाई अमेरिकी डिस्ट्रिक्ट जज तान्या छुटकन कर रही हैं। ट्रंप के अनुरोध पर उन्होंने गैग आर्डर अस्थायी रूप से हटा लिया था। ट्रंप ने बताया था कि मामले को उन्होंने हाई कोर्ट में चुनौती दी है, जिसपर सुनवाई चल रही है। लेकिन अभियोजकों ने इंटरनेट मीडिया पर ट्रंप की टिप्पणियों को अदालत के सामने रखकर शिकायत की, जिस पर कोर्ट ने सहमति जताई।

**कोर्ट व अभियोजकों के विरुद्ध टिप्पणियां कर रहे हैं ट्रंप**

अभियोजकों ने बताया कि ट्रंप लगातार कोर्ट व अभियोजकों के विरुद्ध टिप्पणियां कर रहे हैं। कहा, ट्रंप आगामी राष्ट्रपति चुनाव की तैयारियों में लगे हैं और रैलियों में समर्थकों को बरगला रहे हैं। सुनवाई के बाद कोर्ट ने ट्रंप के विरुद्ध गैग आर्डर जारी कर दिया।

**मिनेसोटा कोर्ट में पेश होंगी दलीलें**

उधर, अमेरिकी संविधान के विद्रोह खंड के

## मोहब्बत ले गई थी पाकिस्तान, अब 'ममता' ने भारत वापस बुलाया, अपने बच्चों से मिलने स्वदेश लौटेगी अंजू

**पेशावर**

अपने फेसबुक फ्रेंड से शादी करने के लिए पाकिस्तान जाने वाली अंजू थामस उर्फ फातिमा पाकिस्तानी सरकार से मंजूरी मिलने के बाद अपने बच्चों से मिलने के लिए भारत लौटेगी। उसके पाकिस्तानी पति नसरुल्लाह ने बताया कि वह अपने दोनों बच्चों से मिलने के बाद पाकिस्तान वापस लौट आएगी।

**भारत लौटेगी अंजू**

इस्लाम कुबूल कर नसरुल्लाह से शादी करने के बाद विगत अगस्त में पाकिस्तान ने अंजू का वीजा एक साल के लिए बढ़ा दिया था,

लेकिन अंजू के पाकिस्तानी पति का कहना है कि वह इस्लामाबाद के आंतरिक मंत्रालय से एनओसी मिलने का इंतजार कर रहे हैं।

**अंजू को एनओसी का इंतजार**

एनओसी मिलने की प्रक्रिया थोड़ी लंबी है और इसमें समय लगता है। वाघा सीमा के पार आने-जाने के लिए जैसे ही दस्तावेज बनकर तैयार हो जाएंगे, अंजू भारत जाएगी।